

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, सोमवार 4 दिसंबर 2023 ■ मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष-7 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-245 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 5 दिसंबर 2023 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### एयरफोर्स का ट्रेनी एयरक्राफ्ट क्रैश

**हैदराबाद,4 दिसंबर।** तेलंगाना से बड़ी खबर सामने आ रही है ।यहां मेडक जिले में एयरफोर्स का एक ट्रेनी एयरक्राफ्ट क्रैश हो गया। यह ट्रेनी एयरक्राफ्ट हैदराबाद-डिंडिगुल एयरफोर्स का था। प्लेन मेडक के बाहरी इलाके परिधि रवेली में क्रैश हुआ। पायलट फिलहाल घायल है। स्थानीय लोग अनिश्चित थे कि विमान में कितने लोग थे। कुछ ही मिनटों में विमान राख में तब्दील हो गया. स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच गई है और वायुसेना के अधिकारियों को इसकी सूचना दे दी है. पुलिस निश्चित नहीं थी कि पायलट विमान से बाहर निकला या नहीं।

### चेन्नई एयरपोर्ट के रन-वे पर भरा पानी

**चेन्नई,4 दिसंबर।** आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु और पुडुचेरी के तटीय इलाकों में आसमान में काले बादलों का घेरा है. कई इलाकों में तेज हवाओं के साथ बारिश तो बीते 3-4 दिन से हो रही है लेकिन ऐसा माना जा रहा है कि आज और कल का दिन तूफान मिचौंग के चलते काफी भारी रहने वाला है, लिहाजा सरकार और प्रशासन अलर्ट है. आम लोगों को भी सावधान रहने और एहतियात बरतने की सलाह दी जा रही है. तूफान के असर से चेन्नई के तटीय इलाकों में तेज हवाएं चलने के साथ भारी बारिश हो रही है. मूसलाधार बारिश के कारण चेन्नई एयरपोर्ट के रवने एवं सबवे सब पानी-पानी हो गए हैं.

### राहुल गांधी ने जनादेश को विनम्रता से किया स्वीकार

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने तेलंगाना में पार्टी को बहुमत से जीतने के लिए वहां की जनता का आभार व्यक्त किया लेकिन कहा कि वह मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में मिले जनादेश को विनम्रता पूरक स्वीकार करते हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि उनकी लड़ाई विचारधारा की है और यह लड़ाई जारी रहेगी। इससे पहले पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने तेलंगाना की जनता का आभार जताया और मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ तथा राजस्थान में कांग्रेस वोट देने वाले लोगों को धन्यवाद दिया। श्री गांधी ने कहा, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान का जनादेश हम विनम्रतापूर्वक स्वीकार करते हैं - विचारधारा की लड़ाई जारी रहेगी।

### मंदिरों में चोरी के मामलों में आरोपी गिरफ्तार

**पिथौरा,4 दिसंबर।** पिथौरो नगर के मंदिरों में चोरी करने वाले आदतन चोर नकुल पटेल को बीती रात स्थानीय पुलिस ने धर दबोचा. आरोपी से पुलिस थाना में पूछताछ की जा रही है.आरोपी की शिनाख्त पर दो और युवकों को पकड़ कर उनसे भी पूछ ताछ की जा रही है. पुलिस की निष्क्रियता से नगर के मंदिरों में भी लगातार चोरी होने के मामले की खबर प्रकाशन के बाद कल पुनः साई मंदिर में ताला तोड़कर असफल होने के बाद जगन्नाथ मंदिर में चोरी के लिए प्रयास करते युवक को देख कर लोगो ने पुलिस को खबर की. इसके बाद पुलिस ने दो युवकों को धर दबोचा. पकडा गया एक युवक नकुल पटेल बताया जा रहा है. नकुल इसके पूर्व भी अनेक बार मंदिरों में चोरी के बाद पकड़े जाने पर जेल जा चुका है.अभी कुछ ही दिन पूर्व नकुल जेल से छूट कर घर आया था. और आते ही उसने थाना परिसर स्थित मंदिर को ही निशाना बनाया था. परन्तु पुलिस की निष्क्रियता के कारण वह खुला घूमता रहा और नगर के पुरानी बस्ती स्थित शीतला मंदिर को निशाना बनाया.

# छग में सरकार बदलते ही इस्तीफे का दौर शुरू

## सीएम भूपेश के बाद महाधिवक्ता सतीश वर्मा और प्रमुख सचिव आलोक शुक्ला ने दिया त्यागपत्र



**रायपुर,4 दिसंबर**

प्रदेश में भाजपा की सरकार बनते ही इस्तीफे का दौर शुरू हो गया है. मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के इस्तीफे के बाद अब महाधिवक्ता सतीश वर्मा और संविदा में प्रमुख सचिव पद पर नियुक्त डॉ. आलोक शुक्ला ने इस्तीफा दे दिया है. महाधिवक्ता वर्मा ने राज्यपाल को इस्तीफा भेज दिया है।

वहीं, भूपेश बघेल सरकार में संविदा में प्रमुख सचिव पद पर नियुक्त डॉ. आलोक शुक्ला ने देवेंद्र नगर ऑफिसर कॉलोनी में मिले अपने बंगले को खाली कर लिया है. डॉ. शुक्ला दो ट्रक में बंगले से पूरा सामान लेकर टेमरी अपने निजी आवास पर ले गए हैं. बताया जा रहा है कि डॉ. आलोक अपने संविदा में नियुक्ति पत्र को लेकर आज अपना त्यागपत्र मुख्य सचिव छत्तीसगढ़ शासन अमिताभ जैन को सौंप दिया है. वहीं, खबर है कि आज कल में कुछ और संविदा पर चल रहे ब्यूरोक्रेट अपना इस्तीफा दे सकते हैं.

### निज सचिव व ओएसडी हटाए गए

छत्तीसगढ़ में सत्ता परिवर्तन हो गया है. सीएम भूपेश बघेल ने कल शाम राजभवन में अपना इस्तीफा सौंप दिया है. जिसके बाद मुख्यमंत्री के निज सचिव और ओएसडी को उनके मूल विभाग में पदस्थापना की गई है. इस लिस्ट में मंत्रियों के निज सचिव का नाम शामिल है. जिन्हें उनके मूल विभाग में पदस्थापना दी है. जिसका आदेश सामान्य प्रशासन विभाग के अवर सचिव क्लेमेन्टीना लकड़ा ने जारी किया है.मुख्यमंत्री सचिवालय में ओएसडी सूरज कुमार कश्यप,उमेश कुमार पटेल,देवेन्द्र प्रधान सहित चिन्मय वर्मा, निज सचिव सुनील चतुर्वेदी तथा कैलाश ठाकुर हटाए दिए गये हैं।

# सदन में लगे मोदी-मोदी के नारे

**नई दिल्ली,4 दिसंबर।** तीन राज्यों में विधानसभा चुनावों की जीत से उत्साहित भाजपा के सांसदों ने आज संसद के शीतकालीन सत्र की शुरूआत के समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जोरदार स्वागत किया। लोकसभा की कार्यवाही शुरू होने पर जैसे ही प्रधानमंत्री सदन में आये तो कई केंद्रीय मंत्रियों सहित भाजपा के सांसद मोदी मोदी के नारे लगाने लगे। इससे पहले संसद भवन पहुँचने पर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा का भी पार्टी के सांसदों और केंद्रीय मंत्रियों ने स्वागत किया। इसके अलावा चुनावी राज्यों से संबंध रखने वाले सांसदों को अन्य सांसद जीत की बधाई देते नजर आये। संसद भवन में जब भाजपा सांसद मोदी मोदी के नारे लगा रहे थे और तालियां बजा रहे थे तब अग्रिम पंक्ति में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, परिवहन मंत्री नितिन गडकरी शांत बैठे मुस्कुरा रहे थे। इससे पहले संसद भवन परिसर में मीडिया से बात करते हुए प्रधानमंत्री ने विपक्षी दलों से आग्रह किया कि संसद के शीतकालीन सत्र में वे, विधानसभा चुनावों में मिली पराजय का गुस्सा ना निकालें बल्कि उससे सीख लेते हुए नकारात्मकता को पीछे छोड़ें और सकारात्मक रुख के साथ आगे बढ़ें। सत्र के पहले दिन मीडिया को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि यदि विपक्षी दल विरोध के लिए विरोध का तरीका छोड़ दें और देश हित में सकारात्मक चीजों में साथ दें तो देश के मन में उनके प्रति आज जो नफरत है, हो सकता है वह मोहब्बत में बदल जाए। चार राज्यों के विधानसभा चुनाव के नतीजों को बहुत ही उत्साहवर्धक करार देते हुए उन्होंने कहा, देश ने नकारात्मकता को नकारा है। सत्र के प्रारंभ में विपक्ष के साथियों के साथ हमारा विचार-विमर्श होता है। हमारी



टीम उनसे चर्चा करती है। मिलकर के सबके सहयोग के लिए हम हमेशा प्रार्थना करते हैं। इस बार भी इस प्रकार की सारी प्रक्रियाएं कर ली गई हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, सार्वजनिक रूप से हमेशा हमारे सभी सांसदों से आग्रह करता हूं कि लोकतंत्र का यह मंदिर जन आकांक्षाओं के लिए, विकसित भारत की नयी राह को अधिक मजबूत बनाने के लिए बहुत महत्वपूर्ण मंच है। मैं सभी सांसदों से आग्रह कर रहा हूं कि वह ज्यादा से ज्यादा तैयारी करके आएं तथा सदन में जो भी विधेयक रखे जाएं, उन पर गहन चर्चा हो। उन्होंने कहा कि एक सांसद जब सुझाव देता है तो उसमें जमीनी अनुभव का उत्तम तत्व होता है लेकिन अगर चर्चा ही नहीं होती है तो देश को इसका नुकसान होता है। प्रधानमंत्री ने कहा, अगर मैं वर्तमान चुनाव नतीजे के आधार पर कहूं तो विपक्ष में जो बैठे हुए साथी हैं उनके लिए यह स्वर्णिम अवसर है। इस सत्र में पराजय का गुस्सा निकालने की योजना बनाने के बजाय, इस पराजय से सीखकर, पिछले 9 साल में चलाई गई नकारात्मकता की प्रवृत्ति को छोड़कर, इस सत्र में अगर सकारात्मकता के साथ आगे बढ़ेंगे तो देश उनकी तरफ देखने का दृष्टिकोण बदलेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि वे विपक्ष में हैं फिर भी वह उन्हें सकारात्मक सुझाव दे रहे हैं कि सकारात्मक के साथ ही हर किसी का भविष्य उज्जवल है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, निराश होने की जरूरत नहीं है। लेकिन कृपा करके बाहर की पराजय का गुस्सा सदन में मत उतारना। हताशा, निराशा होगी... आपके साथियों को दम दिखाने के लिए कुछ न कुछ करना भी पड़ेगा...लेकिन कम से कम लोकतंत्र के इस मंदिर को वह मंच मत बनाइए। मोदी ने कहा कि वह अपने लंबे अनुभव के आधार पर कह रहे हैं कि आप (विपक्ष) थोड़ा-सा अपना रुख बदलिए और विरोध के लिए विरोध का तरीका छोड़ दीजिए। उन्होंने कहा, देश हित में सकारात्मक चीजों का साथ दीजिए। जो कमियां है उन पर चर्चा कीजिए। आप देखिए, देश के मन में आज जो (विपक्ष के प्रति) नफरत पैदा हो रही है... हो सकता है वह मोहब्बत में बदल जाए। तो मौका है यह।

# नवनिर्वाचित भाजपा विधायक माथुर-मांडविया से मिले

## विधायक दल की बैठक में तय होगा मुख्यमंत्री, रमन सिंह-ओपी चौधरी दिल्ली पहुंचे

**मुख्य नगर संवाददाता**

**रायपुर, 4 दिसम्बर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023 में भाजपा को मिली सफलता के पश्चात आज छत्तीसगढ़ प्रभारी ओम माथुर और सह प्रभारी मनसुख मांडविया से नवनिर्वाचित विधायकों ने मुलाकात की। पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह एवं ओपी चौधरी दिल्ली पहुंच गए हैं। बताया जाता है कि आज से संसद का सत्र शुरू हो गया है। भाजपा में मुख्यमंत्री चुनने के लिए पहले पर्यवेक्षक तय किया जाएगा।

भाजपा के वरिष्ठ विधायक एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने बताया कि भाजपा के अधिकांश नवनिर्वाचित विधायक प्रभारी ओम माथुर तथा मांडविया से मिले। सभी ने एक-एक करके अपना परिचय दिया। मांडविया और माथुर दोनों देर शाम दिल्ली लौट जाएंगे। आज से लोकसभा का शीतकालीन सत्र शुरू हो गया है। गृहमंत्री अमित शाह एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा मिलकर पर्यवेक्षक तय करेंगे। हाईकमान द्वारा जिसका नाम तय किया जाएगा वह सर्वसम्मति से मुख्यमंत्री बनेगा। पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह एवं रायगढ़ से विजयी आईएएस ओपी चौधरी का नाम चर्चा में हैं। भाजपा विधायक दल की बैठक में मुख्यमंत्री पद के प्रत्याशी का नाम रखा जाएगा जिसे सर्वसम्मति से पारित किया जाएगा। आज यहां पर भाजपा के कई नवनिर्वाचित विधायक पहुंच गए हैं। स्वागत प्रभारी लोकेश कावड़िया ने बताया कि कुछ विधायक जुलूस में शामिल होकर अपने क्षेत्रों में मतदाताओं का आभार मान रहे हैं।

कांग्रेस विधायक दल की बैठक तय नहीं

बालोद की नवनिर्वाचित विधायक संगीता सिन्हा ने बताया कि विधायक दल की बैठक की तिथि अभी तय नहीं की गई है। यहां पर तीनों विधानसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी विजयी हुए हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निवास में आज भी मिलने वालों का तांता लगा रहा। कांग्रेसजन परम्परानुसार ईवीएम को कोसते रहे।





# बृजमोहन अपराजेय योद्धा

**रायपुर ,4 दिसंबर।** उन्होंने साबित कर दिया है कि वे सचमुच में 'मोहन' हैं, यानी सबका मन मोह लेने वाला। राजनीति का अखाड़ा हो या सामाजिक आंगन बृजमोहन अग्रवाल का कोई जवाब नहीं है। इस बार राजनीतिक युद्ध यानी विधानसभा चुनाव में उन्होंने गजब ही ढा दिया। बृजमोहन प्रदेश की 90 सीटों के चुनाव में सर्वाधिक 67819 वोट से जीतने वाले प्रत्याशी हैं। उन्होंने सर्वाधिक वोट से विजयश्री हासिल हासिल करने का रिकार्ड तो बनाया ही है। लगातार आठवीं बार विधायक बनने का इतिहास भी रचा है। वे अपराजेय राजनीतिक योद्धा बने हैं। कांग्रेस के बड़े-बड़े धुरंधर स्वरूपचंद जैन, राजकमल सिंघानिया, पारस चोपड़ा, गजराज पगारिया को उन्होंने पटखनी दी है। छात्र राजनीति में भी वे सफल रहे हैं। उनका अपराजेय रहना उनकी लोकप्रियता का सबसे बड़ा सबूत है। वे अविभाजित मप्र में सुंदरलाल पटवा के मंत्रिमण्डल के सदस्य रहे हैं। छत्तीसगढ़ में रमन मंत्रिमण्डल में वे कई विभागों का शान बढ़ाया है। सन् 1990 में पहला चुनाव जीतने वाले बृजमोहन 35 वर्षों से लगातार रायपुर दक्षिण सीट का विधानसभा में प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। अब वे 40 वर्ष का कार्यकाल पूरा कर लेंगे। बृजमोहन रायपुर में ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश में सर्वाधिक लोकप्रिय नेता हैं। अन्य राज्यों में भी उनके बड़ी संख्या में समर्थक हैं। लोगों में चर्चा है कि उनके द्वार से कोई भी खाली हाथ नहीं लौटा है। इसी को तो 'मोहन' कहते हैं। वे सबके मोहन हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि उनको चाहने वालों में कांग्रेसी भी बड़ी संख्या में हैं। बृजमोहन व्यवहार व आचरण के भी धनी हैं। कुशल रणनीतिकार, कूटनीतिज्ञ बृजमोहन भाजपा के संकटमोचक हैं। उन्होंने भाजपा को नई ऊंचाई दी है। रायपुर दक्षिण विधानसभा में वे हर घर के पारिवारिक सदस्य जैसे हैं। जनसेवा उनका नशा है।

# कांग्रेस को वोट नहीं चोट मिलाः साव

**रायपुर,4 दिसंबर।** 5 साल बाद एक बार फिर सत्ता का सुख बीजेपी को मिला है. भाजपा प्रचंड बहुमत के साथ छत्तीसगढ़ में अपनी सरकार बना रही है. विधानसभा चुनाव के नतीजे के बाद भाजपा के दिग्गज नेताओं का बयान सामने आया है. जीत के बाद अरुण साव ने कहा, छग की जनता ने सारे अनुमानों को ध्वस्त करते हुए पीएम पर भरोसा किया. बड़े-बड़े राजनीतिक दावे कांग्रेस के नेताओं ने किया. 75 पार का दावा किया. जिन्होंने कहा कि बीजेपी दौड़ में नहीं हैं, उनको जनता ने करारा जबाव दिया है. भाजपा छग को खुशहाली और तरक्की की ओर लेकर जाएगी. वहीं बिल्हा विधानसभा से जीतकर धरमलाल कौशिक का बयान सामने आया है. कौशिक ने कहा, हमको निश्चित रूप से उम्मीद थी. हम लोगों ने पहले ही कहा था, एग्जिट पोल परिणाम नहीं होता है. 3 तारीख को पेटी खुलेगी, हमारे पक्ष में उस दिन परिणाम सामने होंगे. बीजेपी की सरकार बनेगी स्पष्ट बहुमत की सरकार बनेगी, मैंने लगभग सभी जगह यही बात कही थी. डॉक्टर साहब ने कहा था, 52 के ऊपर हमारी सीट रहेगी. शायद किसी को विश्वास नहीं रहा होगा, लेकिन हम लोगों को विश्वास इसलिए था क्योंकि हमने सरगुजा के बस्तर के कार्यकताओं से बात किया था और सब लोगों ने कहा सरकार बन रही है. वहीं पार्टी में जवाबदारी को लेकर कौशिक ने कहा, पार्टी जो जवाबदारी देगी वह हम लोग काम करेंगे.

**75 पार का दावा करने वालों को मिला करारा जवाब**

इसके अलावा अजय चंद्राकर का भी बयान सामने आया है. अजय चंद्राकर ने कहा, मेरे ट्वीट को आप लोग अगर पढ़ रहे होंगे तो मैं शुरू से ही जीत को लेकर आश्वस्त था. मोदी जी की जितनी गारंटी थी, सभी गेम चेंजर है. छत्तीसगढ़ की जनता के तरफ से हम मोदी जी का आभार व्यक्त करते हैं. उनके गारंटी से छत्तीसगढ़ में ऐतिहासिक बहुमत मिला है और जीत मिली है. मोदी जी की गारंटी ही जीत का कारण है. बघेल जी के हाथ में कुछ भी नहीं था. भूपेश बघेल ने जुआ-सट्टा, चोरी और वसूली इन क्षेत्रों में नाम कमाया है.

# प्रशासनिक फेरबदल की सुगबुगाहट तेज

## अशोक जुनेजा, टोपेश्वर वर्मा तथा सर्वेश्वर भूरे पर गिरेगी गाज, कुलपति भी बदले जाएंगे

**मुख्य नगर संवाददाता**

**रायपुर, 4 दिसम्बर।** प्रदेश में अब सत्ता परिवर्तन के साथ ही प्रशासनिक फेरबदल की चर्चा शुरू हो गई है। राज्य के पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा और रायपुर कलेक्टर सर्वेश्वर भूरे सहित कई प्रमुख सचिव भाजपा के राडार में हैं।

भाजपा को स्पष्ट बहुमत मिलने के पश्चात अब भाजपा के नेता एवं मंत्री कई चर्चित अधिकारियों को बदलने के लिए दबाव डाल रहे हैं। इसमें पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा हैं। इनका कार्यकाल बढ़ाया गया है। वर्तमान में कई पुलिस अधिकारी डीजीपी पद की दौड़ में शामिल हैं। पीएससी के कार्यकारी चेयरमेन प्रवीण वर्मा तथा अन्य चर्चित अधिकारियों को तत्काल उनके मूल विभाग में भेजे जाने की चर्चा है। खाद्य सचिव टोपेश्वर वर्मा भी हटाए जा सकते हैं। यहां पर डीडी सिंह के भी बदले जाने की चर्चा हैं। कोरबा कलेक्टर रजत बंसल, रायपुर कलेक्टर सर्वेश्वर भूरे, बीजापुर कलेक्टर सहित अन्य अधिकारी भी बदले जाएंगे।

प्रदेश में कुलपतियों की नियुक्तियों में भी काफी मनमानी की गई थी। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय की कुलपति एवं बस्तर तथा सरगुजा के कुलपतियों को भी हटाया जाएगा। खाद्य विभाग के सचिव टोपेश्वर वर्मा



पर भी गाज गिर सकती है। नए सिरे से मंत्रियों व विधायकों की अनुशंसा पर कलेक्टर नियुक्त किए जाएंगे। इस समय शिक्षा विभाग में पदस्थापना को लेकर बवाल मचा हुआ है। कई शिक्षकों का दो से अधिक बार स्थानांतरण किया गया है जिससे शिक्षक खासे परेशान हैं। पटवारी से लेकर तहसीलदार भी बदले जाएंगे। भाजपा सरकार द्वारा मातृवंदन योजना, धान मूल्य में वृद्धि सहित अन्य वायदों को पूरा करने के लिए 80 हजार करोड़ का अतिरिक्त का बजट रखना होगा। फिलहाल चुनावी खर्च में काफी पैसा लग चुका है इसके लिए भी द्वितीय अनुपूरक लाना होगा।

# मोदी है तो मुमकिन हैः मूणत

**रायपुर,4 दिसंबर।** रायपुर पश्चिम से विधायक राजेश मूणत ने मुख्यमंत्री के चेहरे को लेकर कहा कि हमारी पार्टी का कार्यकर्ता जो कोई भी है वह मुख्यमंत्री बनेगा. साथ ही मूणत ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा. रायपुर पश्चिम से कांग्रेस विधायक रहे विकास उपाध्याय को राजेश मूणत ने 41229 वोटों से हराया है. जीत के बाद पहली बार भाजपा प्रदेश कार्यालय पहुंचे राजेश मूणत ने जीत को लेकर कहा कि प्रदेश में बहुत कुछ बदलाव दिखेगा, जनता ने अपना विश्वास दे दिया है.



उन्होंने आग कहा कि मोदी है तो मुमकिन है, यह मानकर चलिए. इस प्रदेश में भ्रष्टाचार मुक्त सरकार बनाना है. जो मेरे ऊपर लगातार भ्रष्टाचार का आरोप लगाते थे वो 5 साल में खोज नहीं पाए. यह खुद इसमें डूबे पड़े हैं. 24 घंटे में प्रदेश में हुए वापस स्कैंडल निकल कर आएंगे. जनता का खून बहुत चूसा है. छत्तीसगढ़ जनता जिंदाबाद करने वाले, छत्तीसगढ़ की जनता को लूट कर खाए हैं. वह पैसा जनता जरूर निकलेगी. 17 तारीख को जनता ने दारू बंदी करने वाले को कहा था, 17 तारीख को जनता को इन्होंने मुक्ति दिला दी. मुख्यमंत्री का चेहरा कौन होगा इसपर राजेश मूणत ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकताओं पर आधारित पार्टी है. हमारी पार्टी का कार्यकर्ता जो कोई भी है वह मुख्यमंत्री बनेगा.

# करुणानिधि का पोता और स्टालिन का बेटा हूं, नहीं मांगूंगा माफी

**चेन्नई,4 दिसंबर।** डीएमके नेता और तमिलनाडु के मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी पार्टी भाजपा पर 'सनातन धर्म' पर उनकी टिप्पणी को तोड़-मरोड़कर पेश करने का आरोप लगाया है। रविवार को करूर जिले में एक युवा कैडर बैठक में बोलते हुए, उदयनिधि स्टालिन ने अपने पहले के बयान के कारण हुए हंगामे का जवाब दिया। उन्होंने सनातन धर्म की तुलना ₹मच्छरों, डेंगू, मलेरिया, बुखार और कोरोना₹ से की थी और इसके उन्मूलन का आह्वान किया था।

मध्य प्रदेश में चुनाव प्रचार के दौरान प्रधान मंत्री मोदी पर अपने भाषण को गलत तरीके से पेश करने का आरोप लगाते हुए, उदयनिधि स्टालिन ने कहा, उन्होंने कहा कि मैंने नरसंहार का आह्वान किया है, लेकिन उन्होंने ऐसी बातें कही जो मैंने नहीं कही हैं। मैंने एक सम्मेलन में भाग लिया और तीन मिनट तक बोला। मैंने कहा कि बिना किसी भेदभाव के सभी के साथ समान व्यवहार किया जाना चाहिए; यदि ऐसा नहीं है तो भेदभाव खत्म किया जाना चाहिए लेकिन उन्होंने इसे तोड़-मरोड़ कर पेश किया है, बढ़ा-चढ़ा कर पेश किया है और पूरे भारत में मेरे बारे में बात करने को मजबूर कर दिया है।

## एक नजर

### बाइक समेत शातिर चोर बंदी



**भिलाई, 4 दिसंबर।** दुर्ग सिटी कोतवाली पुलिस ने चोरी के साथ एक आरोपित को गिरफ्तार किया है आरोपित के खिलाफ चोरी की धारा के तहत कार्रवाई कर जेल भेजा गया है दुर्ग सिटी कोतवाली टीआई महेश ध्रुव ने बताया कि रुआबांधा निवासी सन्नी उर्फ विनय जैन (30) को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार किया गया है पूछताछ में आरोपित ने बताया कि उसने बीते 13 मार्च को नया पारा दुर्ग से बाइक चोरी की थी बाइक के मालिक नया पारा दुर्ग निवासी उठारेश कुमार गंगे ने दुर्ग सिटी कोतवाली थाने में इसकी रिपोर्ट भी दर्ज कराई थी आरोपित से जब्त बाइक की कीमत पांच हजार रुपये आकी गई है

### अश्लील इशारे और चाकू दिखाकर धमकाने वाला गिरफ्तार



**भिलाई, 4 दिसंबर।** भिलाई पंचशील नगर गौरा-चौरा दुर्ग निवासी एक महिला को सीटी बजाकर अश्लील इशारे और चाकू दिखाकर धमकाने वाले आरोपित को दुर्ग पुलिस ने गिरफ्तार किया है आरोपित के खिलाफ गाली-गलौज और आर्म्स एक्ट की धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है दुर्ग सिटी कोतवाली टीआई महेश ध्रुव ने बताया कि वार्ड एक पंचशील नगर गौरा-चौरा निवासी आरोपित साहिल टंडन उर्फ भोक्को (20) अपने ही मोहल्ले की एक महिला को देखकर सीटी बजा रहा था और अश्लील इशारे कर रहा था महिला ने आपत्ति की तो आरोपित ने चाकू निकालकर उसे धमकाना शुरू कर दिया। महिला ने इसकी पुलिस से शिकायत की जिसके आधार पर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ प्राथमिकी कर उसे गिरफ्तार किया और जेल भेजा है।

### कृष्णा वैली के बिल्डर को रेरा ने दिया तीन महीने का अल्टीमेटम

**रायगढ़, 4 दिसम्बर।** बोईरदादर स्थिति कृष्णा वैली कॉलोनी के बिल्डर को रेरा प्राधिकरण ने तीन महीने का अल्टीमेटम दिया है। एक कॉलोनीवासी ने अधूरे निर्माण की शिकायत करते हुए रेरा में अपील की थी। इस पर रेरा ने कहा है कि तीन महीने में सारे अधूरे निर्माण पूरे किए जाएं। कृष्णा वैली के निवासी लंबे समय से बिल्डर की मनमानी के खिलाफ लड़ रहे हैं। पहले पहुंच मार्ग ही नहीं था। अब बिल्डर ने रोड बनाई लेकिन बाकी काम अधूरे छोड़ दिए। कॉलोनी में निवास करने वाली प्रीति शर्मा ने रेरा में बिल्डरों के विरुद्ध अपील की। उनका कहना है कि बिल्डर ने कॉलोनी में कई निर्माण पूरे नहीं किए।

मंदिर, प्ले एरिया, पानी टंकी की सफाई, सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट, सीवर लाइन की मरम्मत, झूला घर, रेन वाटर हार्वेस्टिंग आदि काम अब तक नहीं हो सके हैं। बिल्डर लक्ष्य इंफ्रास्ट्रक्चर ने नगर निगम से पूर्णता प्रमाण पत्र लेने का दावा किया जिसे रेरा ने खारिज कर दिया। वहीं बिल्डर ने कॉलोनी निर्माण के चार साल बाद आवेदन करने पर भी आपत्ति की लेकिन यह भी खारिज हो गई। नगर निगम द्वारा जारी प्रमाण पत्र में शर्त है कि कोई भी निर्माण अधूरा मिलने पर या कोई त्रुटि मिलने पर कॉलोनाइजर की जिम्मेदारी होगी। इस शर्त के कारण भी बिल्डर की आपत्ति खारिज कर दी गई है। रेरा ने आदेश दिया है कि बिल्डर तीन महीने के अंदर सभी कार्य पूरा करे।

**20 लाख की क्षतिपूर्ति मांगी-** आवेदिका ने कृष्णा वैली के बिल्डर से 15 लाख रुपए मानसिक क्षतिपूर्ति और पांच लाख रुपए वाद व्यय दिलाने के लिए रेरा में अपील की है। कृष्णा वैली में कई अधूरे निर्माण को पूरा करने के लिए निवासी लंबे समय से मांग कर रहे हैं। नगर निगम भी बिना स्थल निरीक्षण किए बंधक मुक्त प्रमाण पत्र जारी कर देती है। जिन कॉलोनियों में कोई भी निर्माण पूरा नहीं है, वे भी निगम के रिकॉर्ड में पूर्ण हैं।

### संस्कारधानी की जनता ने भांजे को दी विदाई: लोहिया

**राजनांदगांव ।** भारतीय जनता पार्टी के सीनियर मीडिया प्रभारी अशोक लोहिया ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर रमन सिंह ने अपने पिछले तीन चुनाव के विजय के रिकॉर्ड को खुद तोड़ते हुए आज बड़ी बंपर जीत हासिल की है । ज्ञातव्य है कि वर्ष 2008 में भाजपा प्रत्याशी डॉ रमन सिंह ने राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी उदय मुदलियार को 32389 वोटों से पराजित किया था , वही 2013 के चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी अलका मुदलियार को 35866 वोटो से पछाड़कर जीत हासिल की थी ।

# भाजपा में जश्न का माहौल, कांग्रेस खेमे में पसरा सन्नाटा








## 4 में बीजेपी, 2 में कांग्रेस

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 4 दिसंबर।** दुर्ग जिले की चार विधान सभा सीटों पर भाजपा की जीत और प्रदेश में सरकार बनाने की ख़बरों के बीच भाजपा में जश्न का माहौल है वहीं दिग्गज कांग्रेस नेताओं के हारने और सत्ता की बागडोर छिन जाने से मायूस कांग्रेस खेमे में सन्नाटा पसर गया है । जिले की दो विधान सभा क्षेत्रों में ही कांग्रेस प्रत्याशी विजय हासिल किये हैं। पाटन में भूपेश बघेल और भिलाई नगर में देवेंद्र यादव ने कांग्रेस की लाज बचाई जबकि दुर्ग शहर और दुर्ग ग्रामीण सहित अहिवारा की कांग्रेस की सीट को भाजपा ने छीन ली है। गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू की हार से भी कांग्रेस सदमे में है। पिछले 2018 के चुनाव में दुर्ग जिले से पाटन से लेकर दुर्ग शहर, दुर्ग ग्रामीण, भिलाई नगर, अहिवारा की सीटों पर कांग्रेस ने एकतरफा विजय हासिल की थी।

- वैशाली नगर विधानसभा में बीजेपी प्रत्याशी रिकेश सेन अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस प्रत्याशी मुकेश चंद्राकर को 40074 वोटों से पराजित कर दिया। इस सीट पर 2018 के पिछले चुनाव में भाजपा के ही विद्यारतन भसीन विधायक थे। इस प्रकार यह सीट भाजपा के पास सुरक्षित बनी हुयी है।
- पाटन विधानसभा से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने चुनाव जीत कर रिकॉर्ड बनाये रखा । उन्होंने भाजपा के अपने प्रतिद्वंद्वी विजय बघेल को 19723 वोटों के अंतर से हराया। यहाँ पर छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस के उम्मीदवार अमित जोगी भी चुनावी समर में थे ।
- दुर्ग ग्रामीण से गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू बीजेपी के अपने प्रतिद्वंद्वी से चुनाव हार गए । उनके प्रतिद्वंद्वी बीजेपी के ललित चंद्राकर उन्हें 16642 वोटों के अंतर से हराया।
- दुर्ग शहर से कांग्रेस के अरुण वोरा बीजेपी से हारे हैं। बीजेपी के गजेंद्र यादव ने अरुण वोरा को 47076 वोटों से पराजित किया ।
- कांटे का मुकाबला भिलाई नगर विधानसभा क्षेत्र में रहा। यहाँ कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र यादव ने बीजेपी के अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी प्रेमप्रकाश पाण्डेय को 1264 वोटों से पराजित किया ।
- अहिवारा विधान सभा से भाजपा प्रत्याशी डोमनलाल कोर्सेवाड़ा ने कांग्रेस के अपने प्रतिद्वंद्वी निर्मल कोसरे को 25263 वोटों से हरा दिया है।

## मोदी गारंटी के मंत्र से खिल गया सर्वत्र कमल: सत्यनारायण



**भिलाई, 4 दिसंबर।** अहिवारा विधानसभा क्षेत्र के मुख्य चुनाव संचालक सत्यनारायण अग्रवाल ने भाजपा प्रत्याशियों की रिकॉर्ड विजय पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि यह मोदी गारंटी के मंत्र का कमाल है कि सर्वत्र कमल खिल गया है। अहिवारा विधान सभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी डोमनलाल कोर्सेवाड़ा की जीत पर उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि बीजेपी कार्यकर्ताओं ने बहुत मेहनत की और दिन-रात एक कर दिया। ज्ञात हो कि पूर्व साडाध्यक्ष सत्यनारायण अग्रवाल ने मुख्य चुनाव संचालक कि रूप में अहिवारा विधान सभा क्षेत्र में भाजपा की जीत के लिए जी-जान लगा दिया था और तन मन धन से मैदान में डटे रहे। उनके साथ ही उनके धर्मपत्नी श्रीमती अनिता अग्रवाल भी प्रचार में लगी रहीं।

# विजय शर्मा और भावना बोहरा की जीत से भाजपाई गदगद , कर्जा माफी का नहीं चला जादू




तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 4 दिसंबर।** विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के तहत 07 नवंबर को हुए मतदान के बाद जिले के दोनों विधानसभा के मतगणना परिणाम रिटर्निंग अधिकारियों द्वारा आज 03 दिसम्बर को घोषित किया गया। जिसमें विधानसभा क्षेत्र 71 पंडरिया की प्रत्याशी श्रीमती भावना बोहरा (भारतीय जनता पार्टी) और विधानसभा क्षेत्र 72 कवर्धा के प्रत्याशी श्री विजय शर्मा (भारतीय जनता पार्टी) निर्वाचित हुए। मतगणना के पश्चात कृषि उपज मण्डी, बिलासपुर रोड, कवर्धा में दोनो निर्वाचित प्रत्याषियों को रिटर्निंग अधिकारी द्वारा निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जनमेजय महोबे मंच पर उपस्थित थे।

रिटर्निंग अधिकारी ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र 71 पंडरिया के प्रत्याशी श्रीमती भावना बोहरा को कुल 1 लाख 20 हजार 847 मत मिले और उनके निकटम कांग्रेस प्रत्याषी श्री नीलू चंद्रवंशी को 94 हजार 449 मत मिले। इसी तरह विधानसभा क्षेत्र 72 कवर्धा के प्रत्याशी श्री विजय शर्मा को 1 लाख 44 हजार 257 मत मिले और उनके निकटम कांग्रेस प्रत्याशी श्री मोहम्मद अकबर को 1 लाख 4 हजार 665 मत मिले।

विधानसभा क्षेत्र 71 पंडरिया के रिटर्निंग अधिकारी श्री संदीप ठाकुर ने बताया कि चमेली कुर्रे (आम आदमी पार्टी) को 1651 मत, चैतराम राज (बहुजन समाज पार्टी) को 6214 मत, भाई रवि चंद्रवंषी (जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे.) को 4783 मत, कमल बांधे (अधिवक्ता) (राष्ट्रीय जनसभा पार्टी) को 502 मत, परदेषी राम जांगड़े (प्रबुद्ध रिपब्लिक पार्टी) को 276 मत, संदीप तिवारी राज (भारतीय सर्व हिताय समाज पार्टी) को 346 मत, अलिन्द कुमार साहू (निर्दलीय) को 337 मत, ओमकार साहू (निर्दलीय) को 451 मत, रेखा साहू (निर्दलीय) को 1001 मत, सच्चिदानंद कौशिक (निर्दलीय) को 2414 मत, सत्यप्रकाश बौद्ध (निर्दलीय) को 2053 मत और हरेन्द्र कुमार डाहिरे (निर्दलीय) को 1054 मत मिले। इस प्रकार डाले गए विधि मान्य मतों की कुल संख्या 02 लाख 36 हजार 378 मत, नोटा 2167 मत, प्रतिक्षेपित मतों की संख्या 202 निविदत्त मतो की कुल संख्या 8 मत है। विधानसभा क्षेत्र 72 कवर्धा के रिटर्निंग अधिकारी पी.सी. कोरी ने बताया कि अकबर भाई (बहुजन समाज पार्टी) को 1556 मत, खड्गराज सिंह (आम आदमी पार्टी) को 6334 मत, सुनील केशरवानी (जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे.) को 2119 मत, परसादी लाल कुम्हरे (गोड़वाना गणतंत्र पार्टी) को 2200 मत, अजय पाली (निर्दलीय) को 319 मत, पुष्पलता जोशी (निर्दलीय) को 213 मत, प्रकाष लहरे (निर्दलीय) को 237 मत, बिंदेष्वरी चंद्रिका (निर्दलीय) को 407 मत, बृजलाल देवांगन (निर्दलीय) को 598 मत, रामजी मेरावी (निर्दलीय) को 784 मत, राम लोचन (निर्दलीय) को 1772 मत, लक्ष्मी सत्यवंषी को 905 मत, लाखन सिंह(निर्दलीय) को 1700 मत और षिवनाथ निषाद को 2056 मत मिले। इस प्रकार डाले गए विधि मान्य मतों की कुल संख्या 2 लाख 70 हजार 122 मत, नोटा 925 मत, प्रतिक्षेपित मतों की संख्या 463, निविदत्त मतो की कुल संख्या 23 मत है। कवर्धा और पंडरिया में भाजपाइयों ने फटाखे फोड़कर जश्न मनाया ।

## स्व-सहायता समूह की महिलाओं को लखपति दीदी योजना से जोड़ने बैठक



**जगदलपुर 4 दिसम्बर ।** महिलाओं को स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बनाने के लिए केंद्र सरकार के सेल्फ हेल्पिंग ग्रुप समेत कई योजनाएं चलाई जा रही हैं. इसमें से एक है लखपति दीदी योजना। सेल्फ हेल्पिंग ग्रुप से जुड़ी महिलाएं इस योजनाए के तहत अपना काम कर न केवल खुद आत्मनिर्भर हो रही है बल्कि अन्य महिलाओं को भी रोजगार मुहैया करवाने की दिशा में काम कर रही हैं। बस्तर जिले के बकावंड विकासखंड को योजना क्रियान्वयन हेतु चिन्हांकित किया गया है। इसके लिए बकावण्ड ब्लॉक में सीईओ जनपद श्री एस.एस. मंडावी के अध्यक्षता में, महिला लखपति पहल के अंतर्गत मासिक ब्लॉक स्तरीय समन्वय समिति (बीएलसीसी) की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में बिहान, मनरेगा, स्वास्थ्य, पशु चिकित्सा, कृषि, पंचायत, महिला बाल विकास, मत्स्य पालन विभाग, उद्यानिकी विकास, टीआरआईएफ बकावण्ड टीम और अन्य सभी लाइन डिपार्टमेंट के सदस्य उपस्थित थे।बैठक के दौरान आने वाले जन योजना अभियान अंतर्गत जीपीडीपी और वीपीआरपी प्रक्रिया के सफल क्रियान्यवयन पर चर्चा हुई, साथ ही वीपीआरपी में आईएनआरएम एकीकृत प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन संबंधित माँगों का प्रस्तुतीकरण भी किया गया। ब्लॉक स्तर पर स्वास्थ्य, पानी अन्य संबंधित मुद्दों पर भी चर्चा की गई। विभागों के जीपीडीपी एवं वीपीआरपी प्रक्रिया में सक्रिय सहयोग प्रदान करने एवं नियमित बैठक के द्वारा सफल संपादन की प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए बैठक का समापन हुआ।

## डोमनलाल कोरसेवाड़ा भारी मतों से जीते



**अहिवारा,4 दिसंबर।** अहिवारा विधान सभा से श्री डोमन लाल कोरसेवाड़ा जी को भारी मतों से जीत के लिये व जामुल से श्री रेखराम बंछोर जी के नेतृत्व में जीत दर्ज कराने पर बंछोर जी को बधाई दी गई । बधाई देने वालों में वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता भगवान सिंह चौहान , भानु साहू, नवीन शर्मा, ओमप्रकाश साहू, रामचंद्र साहू, सरस बर्मन।

## कार्तिक पूर्णिमा पर शिव-गंगा महाआरती का उत्साहपूर्ण आयोजन

**राजनांदगाँव।** मासिक पत्रिका द ट्रायो, हिन्दू युवा मँच और शिव-गंगा महाआरती समिति सिंगदई के संयुक्त तत्वावधान में कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर शिवनाथ नदी के तट पर शिव-गंगा महाआरती का ऐतिहासिक और भव्य आयोजन किया गया। उक्त आयोजन में राजनांदगाँव शहर सहित शिवनाथ नदी के तट पर बसे गाँव हल्दी, मोहड़, मोहारा, और भँवरमरा, सुरगी, सहित पूरे जिलेभर से पहुँचे हजारों श्रद्धालुओं नें कार्तिक पूर्णिमा के पुण्य अवसर पर आस्था की डुबकी लगाई और शिव - गंगा महाआरती में भाग लिया। कार्यक्रम प्रभारी किशोर माहेश्वरी, मनीष द्विवेदी और तोमेश साहू ने बताया कि, शिव गंगा महाआरती के सूत्रधार और वरिष्ठ पत्रकार आलोकप्रमोद शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में और हिन्दू युवा मँच की अगुवाई में उक्त आयोजन को भव्यता प्रदान की गई। कार्यक्रम को भव्य और विहंगम बनाने व्यापक तैयारियाँ की गई थी। पुन्नी मेले पर आयोजित होने वाले शिव गंगा महाआरती में हजारों की सँख्या में आस्था की डुबकी लगाने और शिव गंगा महाआरती का पुण्य लाभ लेने जनसैलाब उमड़ पड़ा। नदी के तट और पर और शिवनाथ नदी की पावन धारा में हजारों श्रद्धालुओं नें दीपदान कर महाआरती का पुण्य लाभ लिया। दीपमालाओं की



हजारों जगमगाती रौशनी से समूचा वातावरण प्रकाशित और अलोकित हों उठा। इन सैकड़ों दिए के उजियारे के बीच महाआरती का भव्य और विहंगम स्वरूप देखने लायक था। आयोजन का यह शानदार पाँचवा वर्ष था। आयोजन समिति के द्वारा इस वर्ष के आयोजन को नया कलेवर और नया स्वरूप प्रदान किया गया। डी जे की सुमधुर ध्वनियों और धार्मिक गीतों से भक्तिमय महाआरती की गई। भगवान शिव जी और गंगा जी की महाआरती की भक्तिधारा में श्रद्धालु झूम उठनें को मज़बूर हों गये। महाआरती के बाद दीपदान देकर इस भव्य आयोजन का समापन किया गया। इस अद्भुत दृश्य को देखने हजारों की सँख्या में श्रद्धालू पहुँचे थे। आस्था और उमँग के इस महापर्व शिव गंगा महाआरती में भाग लेकर सभी श्रद्धालुओं ने स्वयँ को कृतार्थ महसूस किया और आयोजन की मुक्त कंठ से सराहना और भूरी - भूरी प्रशंसा की। उक्त आयोजन में हिन्दू युवा मँच के जिलाध्यक्ष किशोर माहेश्वरी, शहर अध्यक्ष सुरेश लोहमार, शिव - गंगा महाआरती के के कर्मठ पदाधिकारी मनीष द्विवेदी, शिव गंगा महाआरती समिति सिंगदई के कर्मठ कार्यकर्त्ता तोमेश साहू, समिति के अध्यक्ष कमल नारायण साहू, कार्यवाहक अध्यक्ष गजाधर साहू, पूर्णिमा केवल साहू, लखन सोनकर, संतोष निषाद, पिंटू निषाद, बसंत शर्मा, ललिता साहू सहित सैकड़ों की सँख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

## एरिया मीट प्रेरणा संपन्न

**रायगढ़ , 4 दिसंबर।** दिनांक 28 नवंबर दिन मंगलवार को दि एसोसिएशन आफ वी क्लब्स आफ इंडिया रायगढ़ एरिया-4 की ऑफिसर के द्वारा एरिया मीट प्रेरणा का भव्य आयोजन किया गया था। होटल अंश इंटरनेशनल में जिसमें रायगढ़ एरिया से सारंगढ़ ,खरसिया, डबरा ,और रायगढ़ के 2 क्लब मिलाकर कुल पांच क्लब के अध्यक्षों, सचिवों व अन्य सदस्यों ने इस कार्यक्रम में शिरकत की। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि लायन डिस्ट्रिक्ट सेकेट्ररी अनिता कपूर जी, इनर व्हील क्लब की पूर्व अध्यक्षा -बीना शर्मा जी रही और कार्यक्रम की सिरमौर वी श्वेता नीरज शर्मा एरिया-4की एरिया ऑफिसर रही उनके द्वारा सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित कर गणेश जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया गया,क्लब की ध्वज वंदना विभा जी के द्वारा की गई । विश्व शांति के लिए एक मिनट का मैन रखा गया, वाची शर्मा ने गणेश वंदना व मायरा शर्मा ने स्वागत नृत्य किया,इनके द्वारा अतिथियों का स्वागत सत्कार सम्मान किया गया, तत्पश्चात क्लब अध्यक्षों के द्वारा कार्यक्रम की सिरमौर श्वेता जी पुष्पमाला व स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। स्वल्पाहार के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की गई श्वेता जी द्वारा आए ।

# राजनांदगांव में मतगणना शांतिपूर्वक संपन्न

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**राजनांदगांव 4 दिसम्बर।** विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत चारों विधानसभा क्षेत्रों के निर्वाचन की मतगणना आज छत्तीसगढ़ स्टेट वेयरहाऊसिंग कॉर्पोरेशन बंसतपुर राजनांदगांव में शांतिपूर्ण संपन्न हुई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री डोमन सिंह के मार्गदर्शन में सबसे पहले निर्वाचन लडने़ वाले अभ्यर्थियों एवं उनके अभिकर्ताओं की उपस्थिति में डाक मतपत्रों की मतगणना की गई। इसके बाद चारों विधानसभा क्षेत्रों के लिए ईव्हीएम में दर्ज मतों की गणना प्रारंभ की गई। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 74-डोंगरगढ़ (अनुसूचित जाति) से इंडियन नेशनल कांग्रेस की श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 75-राजनांदगांव से भारतीय जनता पार्टी के डॉ. रमन सिंह, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 76-डोंगरगांव से इंडियन नेशनल कांग्रेस के श्री दलेश्वर साहू एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 77-खुज्जी से इंडियन नेशनल कांग्रेस के श्री भोलाराम साहू को निर्वाचित घोषित किया गया। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 74-डोंगरगढ़ (अनुसूचित जाति) अंतर्गत बहुजन समाज पार्टी के श्री बहादुर कुर्रे को 2 हजार 32, जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के श्री लोकनाथ भारती को 593, भारतीय जनता पार्टी के श्री विनोद खांडेकर को 74 हजार 778, इंडियन नेशनल कांग्रेस के श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल को 89 हजार 145, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के श्री नारायण जगने को 1 हजार 423, आजाद जनता पार्टी के श्री रामसाय राठौर को 379, राष्ट्रीय जनसभा पार्टी के श्री विक्की कुमार चेलक को 547, निर्दलीय श्री नितिन कुमार भाण्डेकर को 899, निर्दलीय श्री विनायक धमगाये को 869, निर्दलीय श्री हेम कुमार सतनामी को 466 मत प्राप्त हुए। डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मतदाताओं की कुल संख्या 2 लाख 9 हजार 775 है, जिसमें डाले गये विधिमान्य मतों की कुल संख्या 1 लाख 72 हजार 810 है। इनमें से कोई नहीं (नोटा) के मतों की कुल संख्या 1 हजार 679, प्रतिक्षेपित मतों की कुल संख्या 73 एवं निविदत्त मतों की कुल संख्या 3 है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 75-राजनांदगांव अंतर्गत इंडियन नेशनल कांग्रेस के श्री गिरीश देवांगन को 57 हजार 415, बहुजन समाज पार्टी के बिंदू फूले को 949, भारतीय जनता पार्टी के डॉ. रमन सिंह को 1 लाख 2 हजार 499, आंबेडकराईट पार्टी ऑफ इंडिया के श्री ढालचंद साहू को 593, राष्ट्रीय जनसभा पार्टी के श्री देबीलाल सिरमौर को 144, रिपब्लिकन पक्ष (खोरिपा) के प्रतिमा वासनिक को 104, शक्ति सेना (भारत देश) के फूलेश्वरी साहू को 79, जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के श्री मनीष देवांगन को 315, समाजवादी पार्टी के श्री राजकुमार को 74, आजाद जनता पार्टी के श्री विमल अग्रवाल को 82, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के श्री वेंकट वर्मा को 70, निर्दलीय श्री गुरप्रीत सिंह चहल को 77, निर्दलीय चन्द्रमणी वर्मा को 237, निर्दलीय दीपा लव रामटेके को 766, निर्दलीय श्री प्रयाग साहू को 207, निर्दलीय श्री माखन यादव को 1 हजार 39, निर्दलीय श्री मूलचंद साहू को 522, निर्दलीय श्री मृत्युंजय साहू को 82, निर्दलीय श्री युसुफ भाई मनिहार को 388, निर्दलीय श्री राकेश तिवारी को 53, निर्दलीय श्री राकेश यादव को 23, निर्दलीय श्री राजेन्द्र कुमार भारती को 30, निर्दलीय श्री राहुल जैन को 39, निर्दलीय श्री रूपेश दास मानिकपुरी को 40, निर्दलीय श्री लोकनाथ साहू को 42, निर्दलीय श्री विजय साहू को 77, निर्दलीय श्री विरेन्द्र दीवान %नांदगांव के संगवारी' को 89, निर्दलीय श्री विशेष धमगाये श्री 254 एवं निर्दलीय श्री सुदेश टीकम को 179 मत प्राप्त हुए।

राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मतदाताओं की कुल संख्या 2 लाख 11 हजार 705 है, जिसमें डाले गये विधिमान्य मतों की कुल संख्या 1 लाख 66 हजार 468 है। इनमें से कोई नहीं (नोटा) के मतों की कुल संख्या 995, प्रतिक्षेपित मतों की कुल संख्या 102 एवं निविदत्त मतों की कुल संख्या 3 है।

विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 76-डोंगरगांव अंतर्गत इंडियन नेशनल कांग्रेस के श्री दलेश्वर साहू को 81 हजार 479, भारतीय जनता पार्टी के श्री भरत लाल वर्मा को 78 हजार 690, जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के श्री मुकेश कुमार साहू को 879, हमर राज पार्टी के श्री छत्तर राम चन्द्रवंशी को 5 हजार 178, गोंड़वाना गणतंत्र पार्टी के श्री नरेश मोटघरे को 355, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के श्री हिरदेराम साहू को 208, निर्दलीय श्री मदन लाल टंडन को 155, निर्दलीय श्री रमेश कुमार वर्मा को 204, निर्दलीय श्री ललित कुमार मारकण्डे को 252, निर्दलीय श्री विक्रम लहरे को 319, निर्दलीय श्री सुमित बंजारे को 410, निर्दलीय श्री हेमंत कुमार सिन्हा को 1 हजार 183 मत प्राप्त हुए। डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मतदाताओं की कुल संख्या 2 लाख 3 हजार 9 है, जिसमें डाले गये विधिमान्य मतों की कुल संख्या 1 लाख 69 हजार 312 है। इनमें से कोई नहीं (नोटा) के मतों की कुल संख्या 2 हजार 258 एवं प्रतिक्षेपित मतों की कुल संख्या 64 है।

विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 77-खुज्जी अंतर्गत बहुजन समाज पार्टी के श्री गजेन्द्र कुमार मंडावी को 1 हजार 267, भारतीय जनता पार्टी के श्रीमती गीता घासी साहू को 54 हजार 521, इंडियन नेशनल कांग्रेस के श्री भोलाराम साहू को 80 हजार 465, जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के श्री विनोद पुराम को 1 हजार 76, राष्ट्रीय जनसभा पार्टी के श्री दीनूराम जांगडे को 395, हमर राज पार्टी के ललिता कंवर को 15 हजार 29, निर्दलीय श्री चैनू राम जांगड़े को 1 हजार 338, निर्दलीय श्री देवव्रत खोब्रागढ़े को 669, निर्दलीय रमशीला सोनबोइर को 1 हजार 612, निर्दलीय श्री संदीप मेश्राम को 924 मत प्राप्त हुए। खुज्जी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मतदाताओं की कुल संख्या 1 लाख 91 हजार 582 है, जिसमें डाले गये विधिमान्य मतों की कुल संख्या 1 लाख 57 हजार 296 है। इनमें से कोई नहीं (नोटा) के मतों की कुल संख्या 1 हजार 591 एवं प्रतिक्षेपित मतों की कुल संख्या 72 है।

## एक नजर

### छत्तीसगढ़ की जनता का जनादेश स्वीकार्य: कुमारी सैलजा



**रायपुर 4 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रभारी कुमारी सैलजा ने विधानसभा चुनाव के परिणामों को लेकर रविवार को प्रेसवार्ता की. ये प्रेसवार्ता मंत्री शिव डहरिया के शासकीय आवास में हुई. इस दौरान सैलजा ने कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता का जनादेश स्वीकार्य है. कांग्रेस सरकार ने हर वर्ग के विकास के लिए काम किया.उन्होंने आगे कहा कि हम गरीब, वंचित वर्ग की लड़ाई लड़ते रहेंगे. हम उम्मीद करते हैं कि बीजेपी सरकार लोगों के उम्मीदों पर खरा उतरे. उन्होंने कहा कि हम मजबूत विपक्ष के रूप में काम करेंगे. हम सरकार के अच्छे कामों का सहयोग करेंगे. चुनाव के परिणामों को लेकर सैलजा ने कहा कि कहां क्या कमी रह गई है, उसकी समीक्षा हम करेंगे. साथ ही उन्होंने ये भी कहा कि इसके बाद हम लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाएंगे।

### वादों को पूरा करने की चुनौती प्राथमिकता में रखेगी नई सरकार



**रायपुर 4 दिसंबर।** भाजपा में अब सरकार बनाने की कवायद शुरु हो गई है। वहीं दूसरी ओर छत्तीसगढ़ में भाजपा की बड़ी जीत के बाद अब चुनाव के दौरान जनता के साथ किए गए वादों को पूरा करने की चुनौती होगी। इसे लेकर पूर्व मुख्यमंत्री डा रमन सिंह ने प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ की इस नई सरकार में हमारे लिए पहली चुनौती अपने घोषणापत्र में किए गए वादों को पहली कैबिनेट से ही लागू करना होगा। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा दी गई गारंटी और हमारी पार्टी द्वारा किए गए वादों को प्राथमिकता दी जाएगी। यहां बताना जरूरी होगा कि अब केन्द्र व राज्य में एक ही पार्टी की सरकार है और चुनाव के दौरान दिल्ली से आ रहे नेताओं ने डबल इंजन की सरकार को जरूरी बताते रहे हैं,इसलिए भरपूर फंड केन्द्र से भेजना होगा. धान खरीदी व पैसों की अदायगी सबसे बड़ा विषय रहेगा।

### साजा में जीत की गूंज दिल्ली तक सुनाई पड़ रही



**रायपुर 4 दिसंबर।** वैसे तो प्रदेश विधानसभा चुनाव में भाजपा-कांग्रेस के कई सूरमा हार गए लेकिन साजा में कांग्रेस के कद्दावर नेता रविन्द्र चौबे जो कि अपनी परम्परागत सीट हार गए वह भी एक गैर राजनीतिक व्यक्ति ईश्वर साहू से इस जीत की गूंज छत्तीसगढ़ से लेकर दिल्ली तक सुनाई पड़ रही। भाजपा के चाल में फंस गए चौबेजी और सहानुभूति की लहर असर कर गया। हालांकि मतदान के बाद कांग्रेस के लोगों को रूझान समझ आ गया था फिर भी वे कहते रहे जीतेंगे तो जरूर भले ही 5 हजार से और यह अनुमान उनके लिए फिट बैठ गया जब वे इतने ही मतों से चुनाव हार गए। दरअसल बिरनपुर हत्याकांड मामले को भाजपा ने चुनावी रणनीति में अघोषित रूप से शामिल कर लिया और इसका असर साजा बेमेतरा व कवर्धा की तीन सीट खोकर कांग्रेस को चुकानी पड़ी है। कांग्रेस ने हल्के में ले लिया इस घटनाक्रम को शायद यही लगते रहा। ईश्वर साहू व उनके परिवार ने मतदाताओं के बीच जाकर सिर्फ इतना ही कहते रहे हमने अपना बेटा खोया है और नहीं चाहते किसी और के बेटे के साथ ऐसा हो। साजा में कांग्रेस की हार के पीछे के कुछ प्रमुख कारण जो वहां के स्थानीय लोग अब गिना रहे हैं-साहू और लोधी समाज के लोग पूरी तरह लामबंद हो गए कि इस बार नहीं तो कभी नहीं। बिरनपुर में जिस युवक की हत्या हुई थे उसके पिता ईश्वर साहू व उनकी माता के आंखों मे आंसू देखकर ग्रामीण मतदाताओं ने सहानुभूति उड़ेल दिया। अति उत्साही कांग्रेसियों की यह बात कि .. अरे वो छेरी चरवाहा ल कहां विधायक बनाहूं..? भाजपा ने जमकर प्रचारित किया। रही-सही कसर चुनाव प्रचार खत्म होने के अंतिम क्षण में हुई अमित शाह की आखिरी सभा जैसा कि वहां के लोग बताते हैं साजा व बेमेतरा को एक कर दिया था,भाजपा के कार्यकर्ताओं और मतदाताओं से उन्होने दो टूक कहा कि वे इन दोनों सीटों से जीत मांगते हैं,आगे की जिम्मेदारी उनकी रहेगी। एक और अंतिम कारण साजा की सीट को कांग्रेसी निश्चित जीत वाली सीट में गिनते रहे और अभी तक यह रहा भी है,अति आत्मविश्वास भी यहीं चूक कर गया।

# नाबालिग लड़की का अपहरण कर अनाचार करने वाला आरोपी गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 4 दिसंबर।** थाना बोरतलाव में दिनांक 16.05.2023 को प्रार्थी की रिपोर्ट पर कि उसकी 17 साल 07 साल 24 दिन की नाबालिक लड़की को कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा भाग ले जाने की रिपोर्ट पर थाना बोरतलाव में धारा 363 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा, पुलिस अनुभागी अधिकारी डोंगरगढ़ श्री आशीष कुंजाम के मार्गदर्शन प्राप्त करते हुए थाने से पुलिस टीम तैयार की गई एवं पता तलाश हेतु टीम ग्राम अनंतपुर जिला कोंडागांव भेजा गया जो पुलिस टीम द्वारा पता तलाश किया गया जो अंततः अपह्ता को बरामद करने में सफलता हासिल की गई एवं आरोपी को भी ग्राम




अंनतपुर जिला कोंडागांव में ही धर दबोच गया पुलिस

टीम द्वारा ग्राम अंनतपुर जिला कोंडागांव से अपह्ता एवं आरोपी को वापस लाकर आरोपी के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई करते हुए मामले में धारा 366-ए, 376(2), 376(ढ) भादवि एवं 4,6 पाक्सो एक्ट के तहत अन्य मुनासिब धारणाओं का समावेश करते हुए आरोपी को न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया। इस प्रकार अपह्ता को बरामद करने एवं आरोपी के विरुद्ध सख्त प्रभावी कानूनी कार्रवाई करने में थाना प्रभारी श्री संतोष कुमार ठाकुर की महत्वपूर्ण भूमिका रही है साथ ही थाने से गठित टीम के प्रधान आरक्षक रोहित पडोती प्रधान रक्षक रमाशंकर सिंह एवं थाना डोंगरगढ के महिला आरक्षक सुषमा मराठे का विशेष योगदान रहा।

# जिलाध्यक्ष अनिल मानिकपुरी के कुशल नेतृत्व में दोनों विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशियों की ऐतिहासिक जीत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**मोहला 4 दिसंबर।** कांग्रेस पार्टी के दोनों प्रत्याशियों की ऐतिहासिक जीत मे मोहला-मानपुर एवं खुज्जी विधानसभा में जीत का ऐतिहासिक माहौल बना हुआ है। जिसमें नवगठित जिला मोहला-मानपुर, अंबागढ़ चौकी के जिला अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी के कुशल नेतृत्व एवं संगठन के दायित्व को निभाते हुए सभी कांग्रेसियों को एक साथ लेकर कांग्रेस प्रत्याशियों की जीत के लिए लगातार संघर्ष एवं जनसंपर्क किया, जिसका आज ऐतिहासिक जीत में नगर में हर्ष का माहौल है, साथ ही जिला अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने कहा कि मोहला मानपुर विधानसभा से इंद्रशाह मांडवी एवं खुज्जी विधानसभा से भोलाराम साहू की जीत का श्रेय कांग्रेस कार्यकर्ताओं को जाता है, कांग्रेस कार्यकर्ताओं के संघर्ष का फल आज दोनों प्रत्याशियों को मिला है, जिस कारण दोनों विधानसभा से कांग्रेस के प्रत्याशियों ने अच्छी लिड लेकर ऐतिहासिक जीत हासिल की। मोहला मानपुर विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी इंद्रशाह + मंडावी को 77112 मत पड़े। इसी प्रकार खुज्जी विधानसभा के प्रत्याशी भोलाराम साहू को 80465 मत पड़े। कांग्रेस के दोनों प्रत्याशियों ने ऐतिहासिक जीत हासिल की। दोनों विधानसभा के प्रत्याशियों बेहतर लीड कांग्रेस के लेकर विजयी हुए दोनों प्रत्याशी को जीत हासिल हुई।

# नाबालिग को बहला-फुसला कर भगा ले जाने वाला गिरफ्तार

**राजनांदगांव 4 दिसंबर।** घटना 28.07.2023 को घुमका थाना अंतर्गत ग्राम की एक 16 वर्षीय नाबालिक लड़की को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसला कर भगा ले जाने के संबंध मे पीड़िता के पिता शिकायत पर थाना घुमका मे नाबालिक लड़की की गुमशुदगी दर्ज कर तत्काल अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध धारा 363 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध कर नाबालिक पीड़िता और आरोपी की पतासाजी की जा रही थी। विवेचना के दौरान संदेही कौशिक वर्मा के संबंध मे जानकारी प्राप्त हुई थी संदेही कौशिक वर्मा के द्वारा नाबालिक को अपने साथ रखकर मोबाइल बंद कर छत्तीसगढ़ से बाहर रहकर अपना लोकेशन लगातार बदल रहा था श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री राहुल देव शर्मा , अनुविभागीय पुलिस अधिकारी डोंगरगाव श्री दिलीप सिसोदिया के मार्गदर्शन में थाना घुमका पुलिस द्वारा प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए संदेही कौशिक वर्मा के बारे में लगातार जानकारी एकत्र किया जाकर उसका लोकेशन गुजरात के हजीरा, सूरत में होने की पुष्टि होने पर अविलम्ब दिनांक 30.11.2023 के रात्रि थाना घुमका से निरीक्षक विनय कुमार पम्मार के नेतृत्व में पुलिस टीम सूरत, गुजरात राज्य के लिए रवाना हुए थे जहाँ पहुंचकर संदेही कौशिक वर्मा के कब्जे से नाबालिक पीड़िता को बरामद कर आज दिनांक 03.12.23 को संदेही और नाबालिक को थाना घुमका लाया गया महिला पुलिस अधिकारी से पूछताछ कराये जाने पर संदेही कौशिक वर्मा के द्वारा पीड़िता के साथ शादी का झांसा देकर लगातार शारीरिक संबंध बनाने आदि नए तथ्य आने पर विवेचना के दौरान आरोपी कौशिक वर्मा के विरुद्ध 366, 376(2)ठ्ठ भादवि व धारा 4,6 पोस्को एक्ट की धारा जोड़कर आरोपी को आज दिनांक 03.12.23 को विधिवत गिरफ्तार किया जाकर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमांड मे जेल दाखिल किया गया है उक्त सम्पूर्ण कार्यवाही मे थाना घुमका से थाना प्रभारी विनय कुमार पम्मार, उप निरीक्षक दया शंकर मिश्रा ,आर गौतम सिंह, यशवंत साहू अशोक यादव,सी पी साहू, महिला आरक्षक राजश्री मरकाम एवं साइबर सेल राजनांदगाव से हेमंत साहू की भूमिका सराहनीय रही।



# अपार जन समर्थन के साथ जीते भोलाराम साहू, खुज्जी विधानसभा में जश्न का माहौल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 4 दिसंबर।** मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ समेत 4 राज्यों के वोटों की गिनती में भाजपा को बड़ी बढ़त मिली है। राजस्थान और मध्य प्रदेश , छत्तीसगढ़ में भाजपा रुझानों में बहुमत हासिल कर चुकी है। वहीं तेलंगाना में कांग्रेस बहुमत की ओर चल रही है। इस तरह सभी एग्जिट पोल्स को भी भाजपा की सफलता ने गलत साबित किया है। किसी भी एग्जिट पोल ने छत्तीसगढ़ में भाजपा को बढ़त नहीं दिखाई थी। अब बात करते है सबसे चर्चित सीट खुज्जी विधानसभा की यहां से कांग्रेस के भोलाराम साहू बड़ी अंतर से जीत गए हैं। खुज्जी सीट पर भाजपा ने गीता घासी साहू पर भरोसा जताया था। भोलाराम साहू ने गीता घासी साहू को 26242 वोटों से पटखनी दी है। शांत ,सरल और मिलनसार स्वभाव के कांग्रेस के भोला राम साहू ने तीसरी बार इस सीट पर अपनी जीत दर्ज की है। खुज्जी विधानसभा के पूरे कार्यकर्ताओं और जनता में जश्न का माहौल है पूरे क्षेत्र में कार्यकर्ताओ ने फटाखो की लड़ी लगा दी है और नव निर्वाचित विधायक के घर पर बधाईयों का ताता लगना शुरू हो गया है।

## यास्मीन और दीपाली का चयन राष्ट्रीय फुटबॉल स्पर्धा में



**राजनांदगाँव 4 दिसंबर।** संस्कारधानी नगरी के शॉकर ट्रेनिंग स्कूल में नियमित तौर पर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहीं दो प्रतिभावान महिला खिलाड़ी यास्मीन साहू और दीपाली साहू का चयन राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता के लिये हुआ है। जिसमें यास्मीन साहू का चयन भिलाई में आयोजित अंडर - 19 राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट खेल के आधार पर हुआ है। यास्मीन पंजाब में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेगी। वहीं दीपाली साहू का चयन कोंडागाँव में आयोजित अंडर - 17 राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में उनके उत्कृष्ट खेल कौशल के आधार पर हुआ है। दीपाली बिहार राज्य के पटना में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेगी। दोनों ही खिलाडियों नें अपने शानदार खेल प्रदर्शन के माध्यम से संस्कारधानी नगरी को गौरन्वित किया है। दोनों ही खिलाड़ी राजनांदगाँव शहर की संस्था शॉकर ट्रेनिंग स्कूल की प्रशिक्षु खिलाड़ी है, और प्रशिक्षक तरविंदर सिंह रंधावा और किशोर माहेश्वरी के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है। दोनों ही प्रशिक्षकों नें बताया कि, दोनों ही बहुत ही मेहनती और होनहार खिलाड़ी है। दोनों ही महिला खिलाडियों नें कई प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेकर लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। उनके निरंतर परिश्रम, अथक प्रयास और उसकी लगन नें ही उसे इस मुकाम पर पहुँचाया है। दोनों ही खिलाडियों की इस उपलब्धि पर एसटीएस के प्रशिक्षक और साथी खिलाडियों नें उनके उज्जवल भविष्य की मंगलकामना की है।

## जनादेश शिरोधार्य, जनता के हितों के लिये संघर्ष जारी रहेगा: कांग्रेस

**रायपुर 4 दिसंबर।** चुनाव परिणामों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि जनादेश का सम्मान है। चुनाव परिणाम हमारी अपेक्षाओं के अनुरूप नहीं आये। हम अपनी बात को जनता तक ले जाने में सफल नहीं हो पायें। भाजपा के झूठ के सामने हमारा सच दब गया। चुनाव परिणाम से हम निराश है लेकिन हताश नहीं है। हम जनसरोकारों को लेकर अपना संघर्ष जारी रखेंगे। छत्तीसगढ़ की जनता के हित की लड़ाई वंचित वर्ग के लोगों को उनका हक मिले, कांग्रेस का यह शुरू से प्रयास रहा है और हम इन उद्देश्यों को लेकर विपक्ष में भी संघर्ष करेंगे। 2018 में जनता ने हमें सरकार चलाने का आदेश दिया था हमने पूरी ईमानदारी से 5 वर्षों तक जनता की सेवा किया, किसान, मजदूर, युवा, अनुसूचित जाति, जनजाति सभी के हितों में काम किया। हम अपेक्षा करते है कि भाजपा को जनता ने जो जनादेश दिया है उसके अनुरूप सरकार चलायेगी। किसानों, मजदूरों, महिलाओं से किये गये वायदों को भाजपा निभायेगी। चुनाव में सफलता के लिये भाजपा को बधाई।

### राजभवन में उपराष्ट्रपति को गार्ड ऑफ ऑनर



**रायपुर,4 दिसंबर।** उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ का आज रायपुर प्रवास के दौरान राजभवन आगमन हुआ। राजभवन में उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस अवसर पर मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन, पुलिस महानिदेशक श्री अशोक जुनेजा, राज्यपाल के सचिव श्री अमृत खलखो उपस्थित थे। उपराष्ट्रपति श्री धनखड़ ने राजभवन परिसर में पौधा रोपण भी किया। उन्होंने मौलश्री का पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली का संदेश दिया।

## महासमुंद में बदला इतिहास, दो सीटों में भाजपा और दो में कांग्रेस ने दर्ज की जीत

**महासमुंद 4 दिसंबर।** जिले के चारों विधानसभा में हुए विधानसभा का चुनाव के परिणाम के साथ साथ 53 प्रतियाशियों के भाग्य का फैसला हो गया है। महासमुंद विधानसभा से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी योगेश्वर सिन्हा ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस के डॉक्टर रश्मि चंद्राकार को हरा दिया है। वहीं सरायपाली विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी चातुरी नंद ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी भाजपा के सरला कोसारिया को हरा कर जीत अपने नाम कर ली है। खल्लारी विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी द्वारिकाधीश चंद्राकार ने अपने निकटम प्रतिद्वंदी भाजपा की अलका नरेश चंद्राकार को हराकर दुसरी बार लगातार जीत हासिल कर ली है। वहीं बसना विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी देवेन्द्र बहादुर को उनके निकटम प्रतिद्वंदी भाजपा के संपत अग्रवाल ने हरा कर बसना की सीट भाजपा को झोली में डाल दिया है। इस तरह महासमुंद जिले में महासमुंद और बसना में भारतीय जनता पार्टी ने जीत हासिल की है, वहीं सरायपाली और खल्लारी में कांग्रेस ने अपना परचम लहराया है।



■ 17 राउंड की गणना के बाद कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाना शुरू कर दिया था

# इंद्रशाह मंडावी ने 31769 मतों से दर्ज की जीत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**मोहला 4 दिसंबर।** मोहला मानपुर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की है, कांग्रेस के प्रत्याशी में विधायक व संसदीय सचिव रह चुके इंद्रशाह मंडावी ने भाजपा प्रत्याशी को संजीव शाह। हराया है। पिछले विधानसभा की तुलना में और भी अधिक मतदाताओं के भरोसे से जीत का मार्जिन रहा है। इस जीत के बाद कार्यकर्ताओ में खुशी की लहर देखी गई है।

जिला मुख्यालय मोहला में विधानसभा चुनाव की मतगणना 7.00 तक पूर्ण कर ली गई। जिसमें विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 78 डाक मतपत्र कुल 134040 मतों कि गणना कि गई है। कांग्रेस पार्टी के इन्द्रशाह मंडावी को 77112 वोट मिले। भाजपा प्रत्याशी संजीव शाह को 45343 मिले हैं। तीसरे पायदान पर 3346 के साथ नोटा है। बूथ क्रमांक 64 और 231,191 की मशीनों में आई तकनीकी खराबी जिसके कारण से 900 से अधिक वोटों कि गणना वीवी पैट पर्ची के अनुसार मतों कि गणना की गई। 0 परिणाम के पूर्व ही दिखा जीत का जश्न



जिसमें आतिशबाजी समेत जीत की खुशी के साथ मोहला नगर का भ्रमण किया गया है। विधायक प्रत्याशियों इन्द्र शाह मंडावी सुबह मतगणना के प्रारंभ से ही मतगणना केंद्र पर उपस्थित रहे हैं। 17 राउंड की गणना के उपरांत कार्यकर्ताओं के साथ जीत कि खुशी मनाते हुए देखे गए हैं। जिसमें सभी कार्यकर्ताओं की मेहनत और परिश्रम के जीत की खुशी मनाते हुए सभी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए देखा गया है।

### पूर्व चुनाव से ज्यादा बढ़त में जीत

वर्ष 2018 के चुनाव में इ इन्द्रशाह मंडावी 21000 वोटों की बढ़त से विधायक रहे और हुई सम्पन्न वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव के नतीजों के अनुसार 31741 वोटों से जीत दर्ज कर ली है। इस बार क्षेत्रवासियों ने फिर से इन्द्रशाह मंडावी पर भरोसा कर विधानसभा चुनाव में जीत दिलाई है।

### नक्सल सप्ताह के बीच 9 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला

नक्सल प्रभावित क्षेत्र मोहला-मानपुर विधानसभा क्षेत्र की मतगणना जिला मुख्यालय मोहला में सम्पन्न कर ली गई है। जिसमें इन्द्रशाह मंडावी (कांग्रेस) 77112, संजीव शाह (भाजपा) 45343, नोटा 3346 वोट प्राप्त हुए।

## संपादकीय

# अगला आम चुनाव और हिन्दी पट्टी का जनादेश

हिन्दी हृदय प्रदेश के तीन राज्यों में भाजपा की जीत के कई संदेश हैं। पहला यह कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आजाद भारत के इतिहास में पहले ऐसे सार्वदेशिक नेता के तौर पर स्थापित हो चुके हैं, जिनकी लोकप्रियता समय के साथ बढ़ी है। वे अकेले अपने दम पर चुनाव जिताने की क्षमता रखते हैं। राजस्थान से चर्चा शुरू करते हैं। वहां इस बार वसुंधरा राजे सिंधिया को मुख्यमंत्री के चेहरे के तौर पर पेश नहीं किया गया था। राजनीतिक विश्लेषकों की मान्यता थी कि यह फैसला नुकसान देह साबित हो सकता है। इसके साथ ही भगवादल कई गुटों में विभक्त था। मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के हालात भी उससे जुदा नहीं थे। मध्य प्रदेश में शिवराज सिंह चौहान थोड़े व्यवधान के साथ लगभग 17 वर्ष से हुकूमत कर रहे हैं। चुनाव के दौरान कोई उनकी बुराई करता नहीं दिखता था और उनका काम भी दिखता था लेकिन राजनीति में ह्यफटीक फैक्टरह्य का अपना महत्व होता है। खुद भारतीय जनता पार्टी के कुछ कद्दावर नेता उड़ा रहे थे कि ह्यमामाह्य अब बिकाऊ नहीं थकाऊ चेहरा है। यही वजह है कि मुख्यमंत्री होने के बावजूद पार्टी ने उनके बजाय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम और सरकार के काम पर चुनाव लड़ने का फैसला किया। इसके साथ केन्द्रीय राजनीति में सक्रिय बड़े नामों को भी मैदान में उतार दिया गया था। लगता था कि भाजपा एक हारी हुई लड़ाई जीतने का प्रयास कर रही है परंतु शिवराज सिंह न रुके,न थके। उन्होंने कुछ महीने पहले लाडली बहना योजना की शुरुआत की। महिलाओं के सशक्तिकरण के मामले में उनकी सरकार पहले से ही अच्छा काम करती रही थी और उनके सहारे वे चुनावी वैतरणी में कूद पड़े। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी वहां अपनी शख्सियत को पूरी तरह चुनावी प्रचार के केन्द्र में ला खड़ा किया था। यह जोखिम भरा दांव था पर वह खिलाड़ी क्या, जो खतरे से खेलना न जानता हो। नतीजा सामने है। ओडिशा के अलावा किसी अन्य प्रदेश में कोई सत्तारूढ़ दल सिर्फ अपने बल-बूते पर इतनी बड़ी जीत हासिल करने वाला साबित नहीं हो सका है। छत्तीसगढ़ का उदाहरण भी कम गौरतलब नहीं।लगभग सभी एग्जिट पोल कह रहे थे कि भूपेश बघेल की दोबारा ताजपोशी होने जा रही है। इसके आसार भी नजर आ रहे थे क्योंकि भारतीय जनता पार्टी में रमन सिंह के अलावा बड़े चेहरों का अभाव था। रमन सिंह की अगुवाई में ही पिछले चुनाव में पार्टी परास्त हुई थी। बघेल ने बड़ी समझदारी से महिलाओं पिछड़ों और वंचितों के लिए काम करने के अलावा ह्यछत्तीसगढ़िया सबले बढ़ियाह्य जैसे स्थानीय भावनाओं को गुदगुदाने वाले नारे भी गढ़े थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आकर्षण के आगे सारी किलेबंदी तबाह हो गई। यहां भारतीय जनता पार्टी के संगठन और रणनीति की भी चर्चा की जानी चाहिए। गृहमंत्री अमित शाह एक बार फिर सियासत के चाणक्य साबित हुए हैं और राष्ट्रीय अध्यक्ष जय प्रकाश नड्डा की सरल सूझबूझ लोकसभा चुनाव से ठीक पहले के इस मतदान में पूरी तरह कारगर रही है । एक बात और। इंडिया गठबंधन अभी तक जातिगत जनगणना के मुद्दे को अपना तुरुप का इक्का मान रहा था। इन परिणामों ने उसे फुसफुसा साबित कर दिया है। क्या यह मुद्दा सिर्फ बिहार तक ही सीमित होकर रह जाएगा ?इस सवाल का जवाब आसानी से ढूंढना संभव नहीं है। अगले महीने राम मंदिर का लोकार्पण होने जा रहा है । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के कर्णधार मोहन भागवत और उनसे जुड़े संगठनों के लाखों लोग इस मौके को चुनाव तक भुनाना चाहेंगे। अगर माहौल अनुकूल बनता दिखा, तो संभव है कि आम चुनाव कुछ पहले खिसकाने की कोशिश की जाए, क्योंकि धर्म, समाज, कामयाब अर्थनीति और मोदी की चमकदार शख्सियत एनडीए को इसके लिए प्रेरित कर सकती है।

# चार विधानसभाओं के परिपक्व मतदाताओं ने अपना निर्णय सुनाया

**चुनाव**
**किशन सनमुखदास भावनानी**



> **आज के जनादेश ने यह भी साबित किया है कि भ्रष्टाचार, तुष्टिकरण और परिवारवाद को लेकर देश के भीतर, देश के हर नागरिक के दिल में जीरो टॉलरेंस बन रही है। आज देश को लगता है कि इन तीन बुराइयों को खत्म करने में अगर कोई प्रभावी है, तो पार्टी ही है। पार्टी की केंद्र सरकार ने देश में भ्रष्टाचार के विरुद्ध जो अभियान छेड़ रखा है, उसको भारी जनसमर्थन मिल रहा है। यह उन दलों, नेताओं को मतदाता की साफ-साफ चेतावनी है, जो भ्रष्टाचारियों के साथ खड़े होने में जरा भी शर्म महसूस नहीं करते। उन लोगों को आज देश की जनता ने साफ-साफ संदेश दे दिया है।**

वैश्विक स्तरपर सबसे बड़े लोकतंत्र में 3 दिसंबर 2023 को देर रात्रि तक चली वोटो की गिनती में भारत के लोकतंत्र और परिपक्व मतदाताओं ने अपना बहुमूल्य निर्णय सुना दिया है, बड़े-बड़े नेताओं को किनारे लगा दिया है और उत्तर भारत मेंसत्ताधारी पार्टी को अपने सर आंखों पर बिठाया है तो दक्षिण भारत में उन्हें फिर किनारे लगा दिया है यानी हम लंबे समय से देख रहे हैं कि एक पार्टी उत्तर भारत में तो जीत का परचम लहरा रही है लेकिन लंबे समय की मेहनत के बाद भी दक्षिण भारत पर अपनी शॉप छोड़ने में सफल नहीं हो सकी है और अभी भी उनके हाथ खाली रहे। हालांकि अभी 3 दिसंबर 2023 को घोषित परिणाम में उसे वोट प्रतिशत औरसीट जरूर बड़ी हुई दिखाई दे रही है परंतु सत्ता से पूरी तरह दूर रही है, आने की संभावना दूर-दूर तक नहीं दिख रही है। तेलंगाना कर्नाटक केरल तमिलनाडु सहित अन्य दक्षिण भारतीय राज्यों में दिखाई दे रहा है। हालांकि पार्टी ने हार नहीं मानी है और लगातार प्रयास जारी रखने का निर्णय लेना सराहनीय है परंतु अभी चार राज्यों के नतीजा से सब्सुबाहट शुरू हो गई है कि क्या जनता जनार्दन 2024 लोकसभा चुनाव में हैट्रिक का मन बनाया है? क्योंकि विपक्षी पार्टी के अभी चार नॉरेटिव को जनता ने जमीदरोज कर दिया है चार विधानसभा चुनाव प्रचार के समय शब्दों का चयन, पनौती जेबकतरा का असर जनता जनार्दन पर नहीं पड़ा और इन विधानसभा परिणाम की गाज दूर तक जाएगी क्योंकि विपक्षी एलाइंस इंडिया ने आनन फानन में 6 दिसंबर 2023 को बैठक बुलाई है । चूंकि चार राज्यों की विधानसभा चुनाव में जनता जनार्धन ने अब अपना निर्णय सुना दिया है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे लोकसभा चुनाव 2024 सेमीफाइनल के नतीजे घोषित दुनियां की नजरें हैट्रिक पर लगी।



साथियों बातें कर हम विधानसभा चुनाव परिणाम 3 दिसंबर 2023 की करें तो, पीएम ने कहा इन परिणामों की गूंज दूर तक जाएगी। पूरी दुनिया में इन चुनाव परिणामों की गूंज सुनाई देगी। यह चुनाव परिणाम दुनियाभर के निवेशकों को नया भरोसा देगा। आजादी के अमृतकाल में विकसित भारत को जो सपना हमने देखा है, उसे लगातार जनता का आशीर्वाद मिल रहा है। आज दुनिया देख रही है कि भारत का लोकतंत्र और मतदाता कितने परिपक्व हैं। आज दुनिया देख रही है कि भारत की जनता पूर्ण बहुमत के लिए स्थिर सरकार के लिए सोझ समझकर वोट कर रही है।मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना के नतीजों ने क्आई.एन.डी.आई.ए अलायंस में खलबली मचा दी हेयर बड़ी पार्टी के अध्यक्ष ने आनन-फानन में 6 दिसंबर को मां गठबंधन की मीटिंग बुलाई है। पांच राज्यों में हुए विधानसभा चुनाव में से आज चार राज्यों के नतीजेघोषित हुए हैं। छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और राजस्थान में भाजपा भारी बहुमत के साथ चुनाव जीते है। वहीं, तेलंगाना में कांग्रेस के पक्ष में नतीजे आए हैं। तेलंगाना में भारत राष्ट्रीय समिति को शिकस्त देखनी पड़ रही है। भारत राष्ट्रीय समिति के के चंद्रशेखर राव वाली सरकार के कई बड़े मंत्री भी चुनाव हारते हुए दिखाई दे रहे हैं। तीन राज्यों में मिल रही करारी शिकस्त के बीच से तेलंगाना से कांग्रेस के लिए बड़ी उम्मीद आई है। यही कारण है कि तेलंगाना में कांग्रेस कार्यकताओं में जबरदस्त उत्साह है। तमाम एग्जिट पोल में भी तेलंगाना में कांग्रेस की सरकार बनती हुई दिखाई दे रही थी और अब नतीजे में भी यही तब्दील होता हुआ दिख रहा है।

साथियों बात अगर हम 3 दिसंबर 2023 देर शाम माननीय पीएम द्वार अपनी पार्टी कार्यकताओं को संबोधन की करें तो, पीएम ने कहा, पार्टी के कार्यकताओं पर जिम्मेदारी और बढ़ गई है।क्योंकि नकारात्मक शक्तियां अब तेजी से एकजुट होने का प्रयास कर रही हैं। समाज में खाई पैदा करने वाले अब नए मौके तलाशेंगे। हमें उनसे मुकाबला भी करना है। उनका जवाब भी देना है। लेकिन उससे भी बढ़कर हमें जनता की रीढ़ को बनाए रखना है।पीएम ने आगे कहा, आज के ये नतीजे उन ताकतों को भी चेतावनी है जो प्रगति और जनकल्याण की राजनीति के खिलाफ खड़े रहते हैं। जब भी विकास होता है, बड़ी पार्टी और उसके साथी विरोध करते हैं। जब हम वंदे भारत लॉन्च करते हैं तोबड़ी पार्टी और उसके साथी मजाक उड़ाते हैं, जब हम गरीबों के लिए घर बनाते हैं तो वे रुकावट डालते हैं, जब हम नल से जल की योजना बनाते हैं तो वे इस पर रोड़ा डालते हैं। ऐसी सभी पार्टियों को आज गरीबों ने चेतावनी दी है। पीएम ने कहा, ऐसे लोग जो भ्रष्टाचार पर कड़ा प्रहार करने वाली जांच एजेंसियों पर प्रहार करने में जुटे हैं, वे समझ लें कि ये चुनाव नतीजे भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई का भी जनसमर्थन है। ये चुनाव नतीजे कांग्रेस और उसके घमंडिया गठबंधन के लिए बड़ा सबक है। ये सबक है कि सिर्फ कुछ परिवारवादियों के मंच पर एक साथ आ जाने से फोटो कितनी अच्छी निकल जाए, देश का भरोसा नहीं जीता। देश की जनता का दिल जीतने के लिए राष्ट्रसेवा का जज्बा होना चाहिए और गठबंधन में वो रत्ती भर भी नजर नहीं आता है। उन्होंने कहा, कुछ लोग तो कह रहे हैं कि आज की इस हैट्रिक ने 2024 की हैट्रिक की गारंटी दे दी है। आज के जनादेश ने यह भी साबित किया है कि भ्रष्टाचार, तुष्टिकरण और परिवारवाद को लेकर देश के भीतर, देश के हर नागरिक के दिल में जीरो टॉलरेंस बन रही है। आज देश को लगता है कि इन तीन बुराइयों को खत्म करने में अगर कोई प्रभावी है, तो पार्टी ही है। पार्टी की केंद्र सरकार ने देश में भ्रष्टाचार के विरुद्ध जो अभियान छेड़ रखा है, उसको भारी जनसमर्थन मिल रहा है। यह उन दलों, नेताओं को मतदाता की साफ-साफ चेतावनी है, जो भ्रष्टाचारियों के साथ खड़े होने में जरा भी शर्म महसूस नहीं करते। उन लोगों को आज देश की जनता ने साफ-साफ संदेश दे दिया है। पीएम ने कहा, पार्टी ने सेवा और सुशासन की राजनीति का नया मॉडल देश के सामने पेश किया है। हमारी नीति और निर्णयों के मूल में देश और देशवासी हैं। इसलिए हमारी सरकारें सिर्फ नीतियां नहीं बनाती, बल्कि हर हकदार हर लाभार्थी तक वह पहुंचे, यह भी सुनिश्चित करती है। पार्टी परफॉर्मेंस और डिलीवरी की राजनीति देश के सामने लेकर आई है। भारत का मतदाता जानता है कि स्वार्थ क्या है, जनहित और राष्ट्रहित क्या है। दूध और पानी का भेदभाव देश जानता है। जैसे-तैसे जीतने के लिए हवा-हवाई बातें करना और लोभ लालच की घोषणा करना, यह मतदाता को पसंद नहीं आता है। मतदाता को उसका जीवन बेहतर करने के लिए एक स्पष्ट रोडमैप चाहिए। एक भरोसा चाहिए। भारत का वोटर यह जानता है जब भारत आगे बढ़ता है तो राज्य आगे बढ़ता है। हर परिवार का जीवन बेहतर होता है। इसलिए वह भाजपा को चुन रहा है। लगातार चुन रहा है। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विशेषण करें तो हम पाएंगे कि चार विधानसभा चुनावों में मतदाताओं का परिपक्व आदेश आया - क्या जनता जनार्दन ने 2024 हैट्रिक का रास्ता दिखाया ? लोकसभा चुनाव 2024 सेमीफाइनल, चार राज्यों की विधानसभाओं के नतीजे घोषित - दुनियां की नजर हैट्रिक पर लगी! चार विधानसभाओं के परिपक्व मतदाताओं ने अपना निर्णय सुनाया।

## आज का राशिफल

**मेष राशि**-इस राशि की महिलाओं के लिए आज का दिन राहतपूर्ण रहेगा, वह ऑनलाइन शॉपिंग में समय बिता सकती है। नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को आज किसी मल्टीनेशनल कंपनी में जॉब के लिए आपको कॉल आ सकती है। दांपत्य जीवन में आज मधुरता बनी रहेगी। घर के कामों में परिवार के लोग सहायता करेंगें।

**वृष राशि**-आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज आपके चंचल स्वाभाव के कारण लोग आपसे प्रभावित होंगे। आज बेहतर होगा आप बड़ों की राय को सुने और उनको माने। अगर आप वाहन खरीदने का प्लान बना रहें तो थोड़ा रूक जाये। लम्बे समय से सोचा हुआ कार्य आज पूरा हो जाएगा। जिसके प्रभाव से आर्थिक स्थिति में काफी सुधार आएगा। आज बॉस आपके कार्यो को देखकर आपकी प्रशंसा कर सकते है।

**मिथुन राशि**-आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा है, पूराने किये गये कार्यो की प्रशंसा होगी। आज अपने उच्चाधिकारी के सामने बात रखने पर पॉजीटिव रिस्पॉन्स मिलेगा। महिलाएं अपने जीवनसाथी को आज कुछ मिठा बना कर खिला सकती है, दोनों के बीच रिश्तों में मधुरता बढ़ेगी। स्वास्थ्य आज पहले से काफी अच्छा रहेगा।

**कर्क राशि**-आज आप परिवार के साथ समय बितायेंगें। घर में खुशी का महौल बना रहेगा। इस राशि के व्यापारी वर्ग को आज अचानक कोई बड़ा फायदा हो सकता है। टेन्ट हाउस के लिए आज का दिन बहुत अच्छा है। पुराना रूका हुआ पैसा आज वापस मिलेगा। आर्थिक पक्ष पहले से मजबूत रहेगा। स्वास्थ्य फिट रखने के लिए फल खायें, फायदा मिलेगा। धार्मिक कार्यो में मन लगाने से आपको मानसिक शांति मिलेगी।

**सिंह राशि**-आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहेगा। आज आपके सारे काम आसानी से हो जाएंगे। आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। साइंस से जुड़े बच्चों को अच्छी जॉव का ऑफर मिल सकता है। बिजनेस के सिलसिले में दोस्त के साथ बाहर जा सकते है। लवमेट्स आज कहीं घूमने जायेंगे। आज आपका दांपत्य जीवन शानदार रहने वाला है। जीवनसाथी प्रसन्न होने की वजह देंगे।

**कन्या राशि**-आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। परिवार के सभी सदस्यों मिलकर आज मनोरंजक गतिविधियों का आनन्द उठायेंगे। इस राशि के व्यापारी वर्ग को आज अचानक कोई बड़ा फायदा हो सकता है। आज आपके व्यापार में वृद्धि होने के योग बने हुए है। आर्थिक पक्ष पहले से मजबूत बना रहेगा। बिना वजह घर के किसी सदस्य पर गुस्सा न करें। आज भाई बहन के साथ गेम खेलने का प्लान करेंगे।

**तुला राशि**-आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। बीजनेस में अचानक कहीं से धनलाभ होगा। इससे आपकी आर्थिक स्थिति और मजबूत होगी। आज कोई भी काम माता-पिता का आर्शीवाद लेकर शुरू करेंगे, तो निश्चित ही आपको सफलता मिलेगी। आज जरूरतमंद की मदद करेंगे। लोग आपकी प्रशंसा करेंगे, समाज में आपका नाम होगा। आज किसी काम को करने में जल्दबाजी न करें ।

**वृश्चिक राशि**-आज के दिन भाग्य आपका पूरा साथ देगा। अगर आप नई जमीन लेने का प्लान बना रहे हैं तो घर के बड़ों की राय जरूर लें। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। थोड़ी और मेहनत करने की जरूरत है, सफलता मिलने के योग बने हुए है। लवमेट्स आज एक दूसरे को उपहार देंगे, इससे रिश्ते में मधुरता बनी रहेगी। शाम को परिवार के साथ किसी जरूरी मामले पर बात होगी।

**धनु राशि**- आज आपको मेहनत का फल जरूर मिलेगा। कई दिनों से चल रही कड़ी मेहनत आज रंग लाएगी। आज आपको कोई बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है जिन्हे आप बखूबी निभायेंगे। आज किसी कार्य को पूरा करने के लिए आस-पास के कई लोग आपको सलाह देगें। जीवनसाथी पर भरोसा बनायें रखें, रिश्ते मजबूत होंगे। सेहत के लिहाज से आज आप ठीक रहेंगे।

**मकर राशि**-आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहेगा। इस राशि के इंजीनियर्स के लिए आज का दिन फायदा देने वाला है। करियर में आये उतार- चढ़ाव से आज आप निपटने में सक्षम होंगे। लेकिन किसी अनुभवी सीनियर्स की मदद से आपको थोड़ी राहत मिलेगी। आज घर में बच्चों के साथ आपका ज्यादा टाइम बितेगा। माता पिता बच्चों को कोई अच्छी सलाह भी दे सकते है।

**कुंभ राशि**-आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज आपके सामने कई चुनौतियां भी आएंगी लेकिन आप इनका डटकर मुकाबला करने में सफल होंगे। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन सफलता दिलाने वाला साबित होगा। करियर संबंधी चुनाव करने के लिए आज का दिन शानदार रहने वाला है। सेहत के प्रति आज आपको सतर्क रहना होगा। लवमेट्स के लिए आज का दिन शानदार रहने वाला है।

**मीन राशि**-आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहने वाला है। नौकरी कर रहे लोगो को पदोन्नती के अवसर प्राप्त होंगे। ऑफिस में कार्यशीलता के लिए आपको सम्मानित किया जा सकता है। पहले से चल रही किसी दोस्त से अनबन आज समाप्त हो जायेंगी। आज परिवार के साथ घर पर स्वादिष्ट डीनर का प्लान बना सकते हैं। आज आपके जीवन में चल रही सारी समस्याओं का हल निकल जाएगा। महिलाए आज घर के कामो में बिजी हो सकती है, बच्चे उनकी मदद करेंगे।

## व्यंग्य

# ईवीएम है भई ईवीएम

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**



हाल के दिनों में, इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनें (ईवीएम) राजनीतिक क्षेत्र में सबसे विवादास्पद उपकरणों में से एक रही हैं। कई विवादों और संदेहों के अधीन, उन्हें अक्सर छेड़छाड़ और खराबी के आरोपों का सामना करना पड़ा है। आइए ईवीएम की दुनिया में एक व्यंग्यपूर्ण गोता लगाएँ और उनकी अवधारणा, उपयोग और उनके चारों ओर घूमने वाले षड्यंत्र के सिद्धांतों से जुड़ी बेतुकी बातों का पता लगाएं। एक बार की बात है, कुछ दूर के देश में, विलक्षण इंजीनियरों का एक समूह एक ऐसी मतदान प्रणाली तैयार करने के लिए एकत्र हुआ जो न केवल कुशल होगी बल्कि व्यापक भ्रम और विवाद पैदा करने में भी सक्षम होगी। इसलिए, इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन, उर्फ ईवीएम, का जन्म हुआ, जो आने वाले वर्षों के लिए राजनीतिक बहस की मशाल बन गई। ईवीएम को रुबिक क्यूब जैसा डिजाइन किया गया था। इंजीनियरों का मानना था कि यदि कोई रूबिक क्यूब को हल कर सकता है, तो उसके पास एक जिम्मेदार मतदाता बनने के लिए आवश्यक बुद्धि होनी चाहिए। दुर्भाग्य से, यह तर्क उतना विश्वसनीय नहीं था जितना शुरू में अनुमान लगाया गया था। नागरिक, जो घन का चित या पट नहीं बना सके, चुनावी प्रक्रिया से और अधिक निराश हो गए।

शिकायतों से निपटने के लिए सरकार ने एक ईवीएम सपोर्ट हेल्पलाइन नियुक्त की। अफसोस, हेल्पलाइन काफी अनुपयोगी साबित हुई। कॉल करने वालों ने लगातार पृष्ठभूमि संगीत का अनुभव करने की सूचना दी, जिसमें मोजार्ट की सिम्फनी से लेकर याद्दच्छिक बॉलीवुड गाने तक शामिल थे, जिससे मतदाता वास्तव में लोकतंत्र की पवित्रता के बारे में हैरान हो गए।

जल्द ही षड्यंत्र के सिद्धांत सामने आए, जिससे पता चला कि ईवीएम को विभिन्न पार्टियों के लिए विशिष्ट धुनें बजाने के लिए प्रोग्राम किया गया था। यदि आपने बीथोवेन की नाइंथ सुनी, तो आपने निश्चित रूप से रूढ़िवादी उम्मीदवारों को वोट दिया, जबकि एबीबीए की 'डांसिंग क्वीन' ने एक उदारवादी पार्टी के लिए वोट की गारंटी दी। गुप्त कोड शब्दों की अफवाहें सोशल मीडिया प्लेटफार्मों के माध्यम से फैल गईं, जैसे दावों के साथ, ₹उम्मीदवार 'एक्स' के लिए वोट करें और अपनी मशीन पर रानी की 'वी विल रॉक यू' सुनें। जैसे ही ये आधारहीन अफवाहें फैलीं, ईवीएम विकास एजेंसी (ईवीएमडीए) ने खुद को अनिश्चित स्थिति में पाया। उन्होंने इन साजिश सिद्धांतों का मुकाबला एक अचूक समाधान के साथ करने का निर्णय लियाः सिरी और एलेक्सा के समान, ईवीएम में एक व्यक्तिगत आवाज सहायक को शामिल करना। वॉयस असिस्टेंट की शुरूआत ने पूरे मतदान अनुभव में विलक्षणता की एक और परत जोड़ दी। प्रारंभ में, वॉयस असिस्टेंट ने तटस्थता बनाए रखते हुए और निष्पक्ष मतदान सलाह देते हुए त्रुटिहीन तरीके से काम किया। हालाँकि, जल्द ही इसकी अपनी विशिष्टताएँ विकसित हो गईं। मतदाता तब चौंक गए जब वॉयस असिस्टेंट ने उन्हें ₹महामहिम₹ के रूप में संदर्भित करना शुरू कर दिया और अनचाहे रिश्ते संबंधी सलाह देना शुरू कर दिया। नागरिक पूरी तरह से हैरान रह गए, सोच रहे थे कि क्या उनकी मतदान प्राथमिकताएँ और रिश्ते की स्थिति किसी तरह आपस में जुड़ी हुई हैं।

## मुद्दा

# इतनी नफरत इतना जहर ?

**तनवीर जाफरी**

> **पिछले दिनों ऐसी ही रुग्ण मानसिकता के मुट्ठी भर लोगों ने उत्तर प्रदेश के सिद्धार्थनगर ज़िले के साम्या माता मंदिर में आयोजित शतचंडी यज्ञ के बाद अपनी नफरती हरकतों से विवाद खड़ा कर दिया। दरअसल उत्तर प्रदेश के सिद्धार्थनगर ज़िले के बलवा गांव के साम्या माता मंदिर में शतचंडी महायज्ञ कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस यज्ञ के मुख्य आयोजक पंडित कृष्ण दत्त शुक्ला थे जिन्होंने यज्ञ में स्थानीय समाजवादी पार्टी विधायक सैय्यदा खातून को यज्ञ आयोजन की मुख्य अतिथि के तौर पर आमंत्रित किया था।**



हमारे भारतीय समाज में धार्मिक सद्भावना की जड़ें इतनी गहरी हैं कि दुनिया भारत के इस सद्भावना पूर्ण इतिहास की मिसालें पेश करती है। भारत को 'अनेकता में एकता' रखने वाले देश के रूप में जाना जाता है। जिस देश में हिन्दू देवी देवताओं के प्रशंसक कवि रहीम,रसखान और जायसी जैसे अनेक कवि हों ,जिस देश में अकबर के सेनापति मान सिंह और महाराणा प्रताप के सेनापति हाकिम खान सूर रहे हों ,जिस देश में छत्रपति शिवजी महाराज के कई सेनापति,नेवल कमाण्डर से लेकर उनके गुप्त दस्तावेज पढ़ने व उसका जवाब देने वाले मुस्लिम रहे हों,जिस देश की आजादी की लड़ाई में कुर्बान होने वाले लाखों हिन्दू-मुस्लिम-सिख-ईसाई शहीदों के नाम से पोर्ट ब्लेयर जेल की दीवारें तथा नई दिल्ली के इण्डिया गेट की शिलायें पटी पड़ी हों,जिस देश की सेना में शहीद होकर ब्रिगेडियर उस्मान व वीर अब्दुल हमीद जैसे हजारों शहीदों ने अपनी राष्टभक्ति व कर्तव्यपरायणता की मिसाल पेश की हो। जिस देश की मिसाइल व परमाणु सुरक्षा प्रणाली का जनक भारत रत्न मिसाइल मैन ए पी जे अब्दुल कलाम जैसा महान वैज्ञानिक हो, उसी देश में नफरत और जहर से भरा हुआ संकीर्ण मानसिकता रखने वालों का एक छोटा सा वर्ग ऐसा भी है जो न केवल उपरोक्त तथ्यों को नजर अंदाज करने की कोशिश करता रहता है बल्कि इसके विपरीत साम्प्रदायिक विद्वेष फैलाने तथा नफरत के प्रचार प्रसार के काम में भी व्यस्त रहता है। आश्चर्य की बात तो यह है कि इन स्वयंभू राष्ट्रवादियों के पुरखों का न तो देश के स्वतंत्रता संग्राम में कोई योगदान है न ही देश की आजादी के लिये लाठियां-गोलियां खाने वालों में इनका कोई जिक्र है। परन्तु दुर्भाग्यवश अंग्रेजों की जी हुजूरी करने वाले इसी मानसिकता के लोग नफरत और साम्प्रदायिक दुर्भावना के सहारे, खासकर देश में हिन्दू-मुस्लिम के मध्य खाई गहरी कर सत्ता में जरूर आ गए हैं। और सत्ता में आते ही इनको यह एहसास हो गया है कि चूंकि हमारी सत्ता का आधार ही साम्प्रदायिकता है लिहाजा इसे निरंतर 'धार' देते रहना सत्ता में बने रहने के लिये जरूरी है। इसी मकसद के तहत कहीं जिलों,शहरों, कस्बों व स्टेशन्स के नाम बदले जा रहे हैं,मदरसों के खिलाफ कार्रवाइयां हो रही हैं,हलाल का मुद्दा उठाया जा रहा है,जिहाद,लव जिहाद,अजान और हिजाब जैसे विषय उछाले जाते हैं,इतिहास बदले जा रहे हैं। नये इतिहास गढ़े जा रहे हैं। हद तो यह है कि धार्मिक पहचान देखकर मॉब लिंचिंग की जाती है,ट्रेन में धर्म विशेष के यात्रियों को गोली मार दी जाती है,संतों जैसे दिखाई देने वाले व्यक्ति द्वारा मुस्लिम महिलाओं का बलात्कार करने की धमकी लाऊड स्पीकर पर दी जाती है।

पिछले दिनों ऐसी ही रुग्ण मानसिकता के मुट्ठी भर लोगों ने उत्तर प्रदेश के सिद्धार्थनगर ज़िले के साम्या माता मंदिर में आयोजित शतचंडी यज्ञ के बाद अपनी नफरती हरकतों से विवाद खड़ा कर दिया। दरअसल उत्तर प्रदेश के सिद्धार्थनगर ज़िले के बलवा गांव के साम्या माता मंदिर में शतचंडी महायज्ञ कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस यज्ञ के मुख्य आयोजक पंडित कृष्ण दत्त शुक्ला थे जिन्होंने यज्ञ में स्थानीय समाजवादी पार्टी विधायक सैय्यदा खातून को यज्ञ आयोजन की मुख्य अतिथि के तौर पर आमंत्रित किया था। हालांकि यह आयोजन पूरी श्रद्धा के साथ सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ और विधायक सैय्यदा खातून ने भी इसमें पूरी श्रद्धा व सम्मान के साथ शिरकत की। परन्तु आयोजन समाप्ति के एक दिन बाद नियोजित तरीके से इसी आयोजन में नफरत का 'एंगल' साम्प्रदायिकतावादियों द्वारा ढूंढ कर इसे विवादित बना दिया गया। एक स्थानीय छुटभैय्ये भाजपा नेता द्वारा अपनी पार्टी व हिंदू संगठन के अपने चंद साथियों के साथ उसी साम्या माता मंदिर में पहुंचकर मंदिर को गंगाजल से धुलवाया गया। नफरत के इन सौदागरों का कहना था कि विधायक सैय्यदा खातून और उनके समाज को जब मंदिर से कुछ लेना-देना नहीं हैं तो फिर वह हमारे धार्मिक स्थल पर क्या करने आई थीं? हम लोग हर मंगलवार यहां पर पूजा करते हैं। वो लोग मांस खाने वाले हैं, पता नहीं क्या खाकर यहां आए और मंदिर को अपवित्र कर गए ? जबकि साम्या माता मंदिर में आयोजित शतचंडी यज्ञ के मुख्य आयोजक और मंदिर प्रमुख पंडित कृष्ण दत्त शुक्ला का इस विषय पर कहना है कि वह मंदिर मेरा है, और आज से नहीं सदियों से हिंदू और मुसलमान इस मंदिर में आते जाते थे। अलग-अलग धर्म के लोग आज भी मंदिर में जाते हैं। ये विवाद किस बात को लेकर फैला रहे हैं हम? वे सवाल उठाते हैं, अगर एक मुसलमान के मंदिर जाने पर मंदिर अपवित्र हो जाता है तो हिंदू भी तो मुसलमानों के तीर्थ स्थानों पर जाते हैं। तो उन्हें भी उनके स्थलों पर नहीं जाना चाहिए? पंडित कृष्ण दत्त शुक्ला कहते हैं, हमारे लिए कोई अपवित्र नहीं है. ग्रन्थों में भी यही लिखा है कि मंदिर में जात-पात का कोई भेदभाव नहीं होता है। मंदिर तो धार्मिक स्थल है, वहां कोई भी जाकर के अपना शीश झुका सकता है। सपा विधायक के निमंत्रण पर कृष्णदत्त शुक्ला ने बताया कि जब मंदिर में हमने शतचंडी महायज्ञ का आयोजन किया तो हमारे डुमरियागंज विधानसभा क्षेत्र में जितने भी प्रत्याशी थे हमने सभी को न्यौता दिया था। सबको न्यौता देने के बाद जो हमारे पास आया उसका हमने स्वागत किया। पंडित शुक्ला ने स्पष्ट कहा कि -मंदिर हमारा है, हमारा था और हमारा ही रहेगा। वहां आने वालों में हिंदू और मुसलमान का कोई भेदभाव नहीं है। पहले भी जैसे लोग मंदिर आते-जाते थे, आगे भी वैसे ही आएंगे। उधर विधायक प्रतिनिधि सूर्य प्रकाश उपाध्याय का इस पूरे मामले पर कहना था कि साम्या माता के शतचंडी यज्ञ में विधायक को न्यौता दिया गया था। विधायक वहां गईं, वहां के पुजारियों ने विधायक का स्वागत सत्कार किया। फिर वहां कुछ दान करके वह वापस चली आईं। जबकि विधायक सैय्यदा खातून इस विषय पर कहती हैं कि विवाद खड़ा करने वालों की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। सोशल मीडिया में और क्षेत्र की जनता के बीच शोहरत पाने के लिए वह ऐसा करते हैं। इन जैसे लोगों की बातों और काम पर मैं ध्यान नहीं देती। ऐसे लोगों को ज्यादा तवज्जो देने की जरूरत नहीं है। विधायक ने कहा कि अगर मेरे क्षेत्र की जनता मुझे बुलाएगी तो मैं जरूर जाऊंगी। मेरे लिए मंदिर और मस्जिद, सब खुदा के घर हैं। ऐसे साम्प्रदायिकता वादियों और समाज में जहर घोलने वाले नफरत के सौदागरों को उनके इस छिछोरेपन का जवाब देने के लिये बातें तो बहुत की जा सकती हैं। परन्तु क्या यह बता सकते हैं कि 6 नवंबर 2005 को देश के सबसे बड़े मंदिरों में से एक दिल्ली के अक्षरधाम मंदिर का उद्घाटन जिस समय अक्षरधाम मंदिर के प्रमुख द्वारा देश के तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ ए पी जे अब्दुल कलाम द्वारा कराया गया था उस समय यह नफरत के सौदागर कहां मुंह छुपाये बैठे थे ? क्या उनकी अब भी दिल्ली के अक्षरधाम मंदिर को शुद्ध करने की कोई योजना है ? दूसरी बात यह कि मंदिरों या हवन में प्रवेश करने व शामिल होने के लिये क्या शाकाहारी होना जरूरी है ? यदि जरूरी है,तो फितना फैलाने वाली इसी पार्टी व विचारधारा के तमाम नेता न केवल माँसाहारी हैं बल्कि गोभक्षक भी हैं। देश में सभी धर्मों व जातियों में तमाम मांसाहारी लोग पाये जाते हैं। स्वयं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई माँसाहारी थे। देश के गृह मंत्री किरण रिजिजू तो गोभक्षक हैं। इन सबसे किसी को कोई तकलीफ नहीं ? भाजपाई मुस्लिम नेता किसी भी मंदिर में जाएँ तो कोई आपत्ति नहीं परन्तु सपा मुस्लिम नेता यज्ञ में गयीं तो आपत्तिजनक ? इस अवसरवादी दोहरे चरित्र को देखकर अक्सर यह खयाल आता है कि इतनी नफरत, इतना जहर यह लोग आखिर लाते कहाँ से हैं ?

# एक नजर

## गला दबाकर बेटी को फांसी पर लटकाया, गिरफ्तार

**जांजगीर 4 दिसंबर ।** क्रुर प्रवृत्ति के पिता व सौतेली मां ने अपनी ही नाबालिग बेटी का पहले गला घोंटा फिर उसे फांसी का रूप देकर फंदे पर लटका दिया। इतना ही नहीं खुदकुशी की रिपोर्ट लिखाने के लिए थाना भी पहुंच गया। लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट में राज खुल गया। पुलिस ने हत्या के आरोपी पिता व मां को गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर दिया है। एएसपी अनिल सोनी के अनुसार 29 नवंबर की सुबह मृतिका के पिता विजय कुमार विजय 38 द्वारा सिटी कोतवाली में सूचना दिया कि इसकी नाबालिक पुत्री 28 नवंबर की रात्रि 10 बजे से सुबह 4 बजे के मध्य घर में पड़ी रस्सी से अपने कमरे के पंखे में रस्सी फंसाकर आत्महत्या कर ली है। रस्सी टूटने से वह पर गिर गई है। सूचना पर थाना जांजगीर में मर्ग कायम कर जांच पंचनामा कार्रवाई की गई। डॉक्टर द्वारा पीएम रिपोर्ट में मृतिका की मृत्यु गला घोटने से दम घुटने से हत्यात्मक प्रवृति का होना लेख किया। मर्ग जांच दौरान एवं पीएम रिपोर्ट के आधार पर हत्या का अपराध पाए जाने से थाना जांजगीर में धारा 302 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपी से पूछताछ की गई। जिसमें वह अपना गुनाह कबूल कर लिया। पुलिस ने पति पत्नी को धारा 302 के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में भेज दिया है। गुनाह सिर्फ इतना कि वह एक लड़के से प्यार करती थी विवेचना दौरान मृतिका के पिता विजय कुमार विजय एवं सौतेली मां रेखा विजय से पूछताछ करने पर अपनी पुत्री का किसी अन्य लड़के के साथ संबंध होना बताया। पता चलने के बाद बार-बार मना करने पर भी नहीं मानने पर हमेशा लड़ाई झगड़ा होते रहता था। जिस कारण से माता पिता ने अपनी पुत्री की हरकत से छुटकारा पाने के लिए गले दबाकर हत्या कर रस्सी से पंखे से लटकाना बताए। महिला की दूसरी शादी तो पुरूष की तीसरी विजय कुमार कुछ आशनाई प्रवृत्ति का आदमी है। उसकी तीसरी शादी है। उसकी दोनों पहली पत्नी उसे छोड़कर भाग निकले थे। तो वह रेखा को चूड़ी पहनाकर लाया था। वहीं रेखा की भी दूसरी शादी है। दोनों के 5 बच्चे हैं। जिसमें एक नाबालिग जो मरी है वह है। सबसे छोटा चार साल का बेटा है। अब बेटे को छोड़कर महिला जेल की सलाखों में रहेगी।

## सतनाम कल्याण समिति ने युवा टीम का किया गठन

**कोरबा 4 दिसंबर।** सतनाम कल्याण समिति के द्वारा युवा टीम का गठन किया जाना है। जिसके लिए कल बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में अध्यक्ष पद के लिए चार नाम सामने आये है। युवा टीम अध्यक्ष पद के लिए अगली बैठक पांच दिसंबर को होगी। बैठक में गुरू घासीदास जयंती समारोह मनाने व संगठन को मजबूत बनाने के लिए चर्चा की गई। सचिव बीएल बंजारे ने बताया कि गुरू घासीदास जयंती समारोह के दौरान एक शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह शोभायात्रा सीतामढ़ी से शुरू होकर सतनाम भवन तक पहुंचेगी। युवा टीम को भी जिम्मेदारी दी जा रही है। इसके लिए अध्यक्ष पद पर नाम का चयन किया जाएगा।

### निधन

## बलदाऊ शर्मा

**रायपुर 4 दिसंबर।** ब्राह्मण समाज के प्रतिष्ठित नागरिक सुंदर नगर निवासी बलदाऊ शर्मा पौंता वाले का आज सुबह 95 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। वे निजी अस्पताल में भर्ती थे। वे प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रभारी महामंत्री सुभाष शर्मा व अनिल तिवारी के पिता थे। उनकी दो पुत्रियां है। उनकी अंतिम यात्रा सुभाष शर्मा के सुंदर नगर स्थित निवास से आज शाम चार बजे निकलेगी। अंतिम संस्कार महादेवघाट स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा।



## आज नाती की शादी थी

आज घर में नाती की शादी की तैयारी चल रही थी। बलदाऊ शर्मा के स्वर्गीय पुत्र सुनील के बेटे की शादी आज शाम होनी थी। बलदाऊ शर्मा के स्वास्थ्य को देखते हुए विवाह जल्द किया जा रहा था। लेकिन नाती के सात फेरों को देखने के पूर्व ही उनका स्वर्गवास हो गया।

# दंतेवाड़ा में खिला कमल, भाजपा के चैतराम की प्रचंड जीत

**प्रतिद्वंद्वी छबिन्द्र कर्मा को 16 हजार से अधिक वोटों से दी शिकस्त., जीत से गदगद समर्थकों ने कांधे पर उठाकर चैतराम का किया स्वागत.**

- देर रात तक पार्टी कार्यालय में चलता रहा जीत का जश्न
- चैतराम ने कहा-जीत मेरी नहीं जनता की है, जनता के लिए डटकर काम करेंगे







**दंतेवाड़ा 4 दिसंबर।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के नतीजे आ चुके हैं। प्रदेश में भाजपा का 5 साल का वनवास अब खत्म हो चुका है। आऊ नहीं सहिबो, बदल के रहिबो स्लोगन को भाजपा ने सच कर दिखाया। प्रदेश में भाजपा की ऐसी आंधी चली की सत्तारूढ कांग्रेस की सरकार को जड़ से उखाड़ फेंका और सत्ता पर प्रचंड बहुमत से काबिज हो गई। दंतेवाड़ा जिले की एकमात्र विधानसभा सीट की बात करें तो यहां भी भाजपा का कब्जा हो गया है। यहां भाजपा के चैतराम ने 16 हजार से अधिक मतों से कांग्रेस के छबिन्द्र कर्मा को शिकस्त देकर प्रचंड जीत दर्ज की है। जीत का जश्न भाजपा कार्यालय में देर रात तक चलता रहा।

दंतेवाड़ा विधानसभा 2023 बड़ी दिलचस्प रही। यहां की सीट पर कांग्रेस की ओर से इस बार स्व0 महेंद्र कर्मा के सुपुत्र छबिन्द्र कर्मा मैदान में थे और उनके सामने भाजपा से भाजपा जिलाध्यक्ष चैतराम अटामी को भारतीय जनता पार्टी ने चुनावी समर में उतारा था। आप, सीपीआई, बसपा, छजका समेत एक कांग्रेस का बागी भी निर्दलीय तौर पर मैदान में थे मगर मुकाबला कांग्रेस के छबिन्द्र कर्मा एवं भाजपा के चैतराम अटामी के बीच ही था। 07 नवंबर को बस्तर में वोटिंग के बाद ही यह कयास लगाए जाने लगे थे कि दंतेवाड़ा सीट पर इस बार भाजपा का कब्जा होगा। हालांकि कांग्रेस का पलडा भी यहां भारी था। मुकाबला बेहद ही करीबी था। दोनों पार्टियों ने पूरी ताकत लगा दी थी। मतगणना के दिन पहले चक्र से भाजपा ने जो बढ़त बनाया आखरी के 20वें राउंड तक भाजपा बढ़त बनाती ही चली गई। अंत में भाजपा के चैतराम अटामी ने डाकमत पत्र समेत 16803 वोटों से बड़ी जीत दर्ज कर दंतेवाड़ा सीट पर कब्जा कर लिया। भाजपा के चैतराम को 57739 वोट तो वहीं छबिन्द्र को 40936 वोट मिले। विजयी होने के बाद रात 9 बजे रिटर्निंग आफिसर से निर्वाचन प्रमाण पत्र लेने के बाद जैसे ही चैतराम मतगणना स्थल से बाहर निकले सुबह से इंतजार कर रहे उत्साहित कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने चैतराम को लपककर कांधे पर उठा लिया और जय श्रीराम के जयघोष लगाते हुए उन्हें जीत की बधाई एवं शुभकामनाएं देने लगे। जीत दर्ज करने के बाद मीडिया से मुखातिब होते श्री अटामी ने कहा कि बेहद खुशी की बात है कि जनता ने मुझे अपना विधायक चुना है। उन्होने जीत का श्रेय जनता को देते हुए कहा कि यह जीत मेरी नहीं बल्कि यहां की लाखों जनता की जीत है जिसने भाजपा को वोट किया है। जनता जर्नादन एवं भाजपा के देवतुल्य कार्यकर्ता के बदौलत दंतेवाड़ा सीट पर प्रचंड जीत हुई है। श्री अटामी ने कहा कि भरोसा टूटने नहीं देंगे। क्षेत्र की जनता के लिए दिन रात डटकर काम करेंगे। बताते चलें कि भाजपा के विजयी उम्मीदवार चैतराम अटामी गीदम ब्लाक के कासोली ग्राम के रहने वाले हैं । चैतराम बेहद ही सरल, सहज एवं सौम्य व्यक्तित्व के धनी हैं। पूर्व में श्री अटामी जनपद सदस्य, जिला पंचायत सदस्य, भाजपा महामंत्री, वनोपज संघ के अध्यक्ष की जिम्मेदारी निभा चुके हैं एवं वर्तमान में वे दंतेवाड़ा भाजपा के जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी भी सम्हाल रहे हैं। 2018 में भी चैतराम ने दावेदारी की थी लेकिन उन्हें पार्टी ने टिकिट नहीं दिया था भाजपा से भीमाराम मंडावी को टिकट मिला था और वे इस सीट को जीते थे। 2018 में बस्तर की 12 में से केवल दंतेवाड़ा सीट ही भाजपा जीत पाई थी। चैतराम अटामी के बारे में कहा जाता है कि वे बेहद ही शांत स्वभाव के हैं। संघ से भी जुड़े हुए हैं। कासोली में थोडी बहुत खेत की जमीन है जिस पर खेती किसानी कर वे अपनी रोजी रोटी कमाते हैं। चैतराम की प्रचंड जीत यह बतलाती है कि जनता ने उनकी सादगी एवं भोलेपन तथा मोदी की गारंटी पर विश्वास जताते हुए उन्हें वोट किया है। अब देखना होगा कि जीतकर चैतराम क्षेत्र की तस्वीर एवं जनता की तकदीर कैसे बदलेंगे यह देखना होगा।

### एक नजर

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | केशव नेताम | - | बसपा | - | 5427 मत प्राप्त हुए. |
| 2 | चैतराम अटामी | - | भाजपा | - | 57739 मत प्राप्त हुए. |
| 3 | छविन्द्र कर्मा | - | कांग्रेस | - | 40936 मत प्राप्त हुए. |
| 4 | बल्लू राम भवानी | - | आप | - | 7202 मत प्राप्त हुए. |
| 5 | बेला तेलाम | - | छजकां | - | 2143 मत प्राप्त हुए. |
| 6 | भीमसेन मंडावी | - | सीपीआई | - | 9217 मत प्राप्त हुए. |
| 7 | अमूलकर नाग | - | निर्दलीय | - | 3248 मत प्राप्त हुए. |
| 8 | नोटा को | - | | | 8620 मत मिले. |

# कार ने छीनी मां-बेटे की जिंदगी, पिता व बच्चे घायल

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार 4 दिसंबर।** रेमंड परसदा निवासी बाइक सवार अपनी पत्नी व तीन बच्चों के साथ बलौदा बाजार स्थित अपनी रिश्तेदारी में गए थे। रविवार को वापसी के दौरान मल्हार के चकरबेड़ा पहुंचे थे, इसी दौरान तेज रफ्तार कार ने उन्हें चपेट में ले लिया। दुर्घटना में बाइक की सवार की पत्नी व 1 बच्चे की मौत हो गई, वहीं वह और दो बच्चे घायल हैं जिनका सिम्स में उपचार चल रहा है। पुलिस के अनुसार रेमंड परसदा निवासी राम प्रसाद पिता सुखदेव पटेल (41) पत्नी तुलसी पटेल (36), बेटा जयंत पटेल (14), बेटी मानषी पटेल (9) व छोटा बेटा उमांकात उर्फ कान्हा पटेल (4) रिश्तेदारी में बलौदा बाजार गए थे। बाइक क्रमांक सीजी 11 बीजी 0495 में बलौदाबाजार से लौट रहे थे। राम प्रसाद पटेल परिवार सहित मल्हार चौकी के चकरबेड़ा पहुंचे थे कि इसी दौरान सामने से आ रही ब्रेजा कार क्रमांक सीजी 10 एजेड 4320 ने मोपड बाइक सीजी 11 बीजी 0495 को टक्कर मारते हुए आगे बढ़ गई। दुर्घटना में तुलसी पटेल व 4 वर्षीय बेटे कान्हा पटेल की मौके पर ही मौत हो गई।पिता रामप्रसाद पटेल, बेटा जयंत पटेल व बेटी मानषी पटेल को गंभीर चोट आई है। दुर्घटना में घायलों को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मस्तूरी और फिर बिलासपुर सिम्स भेजा गया है। पुलिस ने कार को जब्त कर फरार चालक की तलाश कर रही है।



# शराबी पति की हथौड़ी मारकर हत्या

**डभरा 4 दिसंबर।** शराबी पति से तंग आकर पत्नी ने हथौड़ी और लाठी से प्रहार कर हत्या कर दी । पुलिस ने आरोपित पत्नी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मामला डभरा थाना क्षेत्र के ग्राम बासीन के भांठापारा मोहल्ले की है।जानकारी के अनुसार ग्राम बासीन के भाठापारा मोहल्ला निवासी बजरंग जाटवर शराब पीने का आदी था। हर रोज शराब पीकर वह अपनी पत्नी उर्मिला जाटवर से झगड़ा करता था। वह पत्नी और बच्चों के साथ रहता था और हाल ही में खेत बिक्री की राशि उसे मिली थी। इस पैसे से वह हर रोज शराब पीकर हमेशा अपनी पत्नी से झगड़ा और मारपीट करता था। एक दिसंबर की रात पति पत्नी में फिर विवाद हुआ। विवाद इतना बढ़ा कि उर्मिला जाटवर ने अपने पति बजरंग जाटवर पर डंडे एवं धारदार कील ठोकने वाली हथौड़ी से उसके सिर पर ताबड़तोड़ प्रहार कर दिया । जिससे बजरंग जाटवर की मौत हो गई। घर के आंगन में उसका शव खून से लथपथ पड़ा हुआ था। सूचना मिलने पर पुलिस गांव पहुंची और शव का पंचनामा कर पीएम के लिए भेज दिया। पुलिस ने उसकी पत्नी के विरूद्ध भादवि की धारा 302 के तहत अपराध दर्ज किया और उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। बजरंग जाटवर और उर्मिला जाटवर की तीन बेटियां व एक 12 साल का बेटा है, एक बेटी की शादी हो चुकी है। इस संबंध में थाना प्रभारी डभरा नरेंद्र यादव नेबताया कि पति की हत्या करने वाली पत्नी उर्मिला जाटवर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।



### समाचार संक्षेप

## कोरबा रेलवे स्टेशन के कुली ने जीता अंतरराष्ट्रीय पावरलिफ्टिंग में स्वर्ण

**कोरबा 4 दिसंबर।** रेलवे स्टेशन कोरबा में कुली का काम करने वाले दीपक पटेल ने एक नया कीर्तिमान रच दिया है। उन्होंने नेपाल में आयोजित अंतरराष्ट्रीय पावर लिफ्टिंग स्पर्धा में 53 किलोग्राम बाडी वेट की कैटेगरी से भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए गोल्ड मेडल जीतकर यह उपलब्धि अपने नाम किया। दीपक ने पावर स्पोर्ट्स एसोसिएशन आफ इंडिया का नेतृत्व करते हुए पांच देशों की प्रतियोगिता में यह कमाल किया है। इनमें भूटान, नेपाल, श्रीलंका, हांगकांग और भारत समेत पांच देशों के चैंपियन का गौरवपूर्ण खिताब हासिल किया है। वे इस प्रतियोगिता में देशभर से शामिल होने वाले कुल 12 और छत्तीसगढ़ से एक मात्र खिलाड़ी हैं। दीपक की जीत का सिलसिला कोई नया नहीं है। उन्होंने इससे पहले पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी में फेडरेशन कप नेशन पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीत चुके हैं। अब तक उन्होंने चार बार की राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में गोल्ड जीता और कई राज्य स्तरीय प्रतिस्पर्धा में विजेता का खिताब हासिल किया है।



## 2023 का चुनाव परिणाम सबको सीख दे गयाः अमित जोगी

**रायपुर, 4 दिसम्बर ।** अमित जोगी ने बीजेपी को जीत की बधाई दी। आगे उन्होंने कहा, 2023 का चुनाव परिणाम सबको सीख दे गया। ट्विटर पर लिखा, छत्तीसगढ़ में मुख्य रूप से द्विध्रुवीय चुनाव हुआ है जिसमें सभी क्षेत्रीय खिलाडियों का बड़े पैमाने पर सफाया हो गया हालाँकि इसका सबसे बड़ा नुक़सान सत्ताधारी पार्टी को ही हुआ है। इस परिणाम के मेरे लिये विशेषकर दो निष्कर्ष हैं। सबसे पहला, अगर प्रदेश में किसी क्षेत्रीय विकल्प की कोई उम्मीद है, तो सभी हितधारकों के बीच जमीनी स्तर पर विचारधारा, मुद्दों और संगठन का समन्वय होना चाहिए। (मैं शुरू से ही यह कह रहा हूं।) दूसरा, हमें केवल राष्ट्रीय पार्टियों की लाइन पर प्रतिक्रिया देने के बजाय, अपनी विशिष्ट राजनीतिक शब्दावली का उपयोग करते हुए, अपनी शर्तों पर लोगों के लिए लडऩा होगा, उनके मुद्दे उठाने होंगे, ताकि छत्तीसगढ़ में क्षेत्रिवाद को सैद्धांतिक रूप से एक समकालीन परिभाषा दी जा सके। केवल और केवल तभी लोगों में हम में इतनी गंभीरता दिखेगी कि वे हमें अपना बहुमूल्य वोट और समर्थन देने के लिए सोचें। मुझे उम्मीद है कि यह परिणाम हम सभी के लिए सीखने का अवसर होगा।



## पेशाब करने से मना किया तो दो पर चाकू से हमला

**जांजगीर-चांपा 4 दिसंबर।** बीच रोड में बाथरूम करने से मना करने पर गाली गलौज कर दो युवकों के ऊपर चाकू से हमला करने और कार में तोडफ़ोड़ करने वाले आरोपित युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मामला चांपा थाना का है।पुलिस के अनुसार बुधवारी बाजार चौकी सीएसईबी सिटी कोतवाली कोरबा निवासी कुलदीप सिंह राठौर (31) शुक्रवार 1 दिसंबर को चांपा के एक निजी अस्पताल में भर्ती अपने मौसी के लड़के दीपक राठौर को देखने के लिए आया था। शाम को वापस घर जाने के लिए बस का पता करने के लिए नया बस स्टैण्ड गया था । नया बस स्टैण्ड के पास शंकर नगर जगदल्ला चांपा निवासी विशाल बरेठ (20) बीच रोड में बाथरूम कर रहा था। जिसे देखकर कुलदीप सिंह राठौर बीच सड़क में बाथरूम करने से मना किया तो तुम कौन होते हो मना करने वाले कहकर गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और अपने हाथ में रखे चाकू नुमा धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिससे कुलदीप सिंह के दाहिना कान एवं सिर में चोट लगने की वजह से खून निकलने लगा। उसके साथ उसका मौसेरा भाई रिकेश राठौर भी था।

**ग्राहकों की जमा की गई रकम बैंक द्वारा कराए गए बीमा के भरोसे ही सुरक्षित**

# बिना सुरक्षा गार्ड के चल रहे एटीएम

**जांजगीर-चांपा ।** बैंक और एटीएम की सुरक्षा उपायों को लेकर बैंक प्रबंधन गंभीर नहीं है। ग्राहकों की जमा की गई रकम बैंक द्वारा कराए गए बीमा के भरोसे ही सुरक्षित है। जबकि आए दिन बैंकों और एटीएम बूथों में चोरी की वारदातें होती रहती है, लेकिन प्रबंधन न तो गार्ड की व्यवस्था करते हैं और न ही सुरक्षा के कोई उचित इंतजाम। चार दिन पहले चंद्रपुर के एसबीआई में सेंधमारी कर चोरी का असफल प्रयास किया गया। इसके आरोपित अभी तक पकडे नहीं गए हैं। अविभाजित जिले में 25 राष्ट्रीयकृत बैंकों की 120 शाखाएं है, जिसमें से केवल दर्जनभर शाखाओं में ही सुरक्षा गार्ड की व्यवस्था है। 67 बैंकों में सशस्त्र बल सुरक्षा गार्ड नहीं है। जबकि अधिकांश में न ही अलार्म है और न पुलिस को सूचना देने के लिए कोई प्रबंध है। जिले के छोटे- बड़े शहरों मेंएसबीआई, पंजाब नेशनल बैंक, बैंक आफ महाराष्ट्र, बैंक आफ बड़ौदा सहित करीब 25 राष्ट्रीयकृत बैंकों की शाखाएं खुल गई है। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में जिला सहकारी बैंक और ग्रामीण बैंक की शाखाएं हैं। बैंक प्रबंधन केवल अपना कारोबार चलाकर धन इकट्ठा करने में लगे हुए है। बैंक की सुरक्षा को लेकर गंभीर नहीं है। सुरक्षा के नाम पर केवल भारतीय स्टेट बैंक ने ही अपने प्रमुख शाखाओं में सुरक्षा गार्ड की व्यवस्था की है। जांजगीर, चांपा, सक्ती, अकलतरा के की शाखाओं में सशस्त्र सुरक्षा गार्ड की व्यवस्था है। वहीं बैंक आफ बड़ौदा और जिला सहकारी बैंक ने गार्ड और सीसीटीवी की व्यवस्था की है। इसके अलावा जिले के किसी बैंक की शाखाओं में सुरक्षा का कोई इंतजाम नहीं हैं। बैंक अधिकारियों की बैठक लेकर पुलिस व्यवस्था सुधारने के निर्देश दे चुकी है। मगर इसके बाद भी बैंक प्रबंधन लापरवाह बने हुए हैं। एटीएम में रकम डालने वाले कर्मचारियों का सत्यापन भी समय-समय पर कराया जाना चाहिए लेकिन बैंक प्रबंधन द्वारा कर्मचारियों का न ही वेरीफिकेशन कराया जाता है और न ही उनका कोई रिकार्ड रखा जाता है। क्योंकि यह सारा काम ठेके पर होता है इसलिए बैंक प्रबंधन इस पर ध्यान नहीं देते। कई बार ऐसे कर्मचारी ही एटीएम से रकम लूट के मामले में शामिल रहते हैं। ढाई साल पहले अकलतरा के एटीएम में तोडफ़ोड़ कर रकम चुराने वाले गिरोह का मास्टर माइंड एटीएम में रकम डलने वाला कर्मचारी ही था। बैंक की सुरक्षा को लेकर दो साल पहले पुलिस ने शाखा प्रबंधकों से 26 बिंदु में जानकारी मांगी थी। शाखा प्रबंधकों ने जो जानकारी पुलिस को दी है वह चौंकाने वाली है। जिले के 80 प्रतिशत बैंकों और एटीएम में सुरक्षा के इंतजाम नहीं हैं। न तो इन बैंकों में कॉम्बिनेशन लॉक सिस्टम है और न ही स्ट्रांग रूम में टाइम डिले लॉक सिस्टम लगाया गया है। यदि किसी बैंक में कुछ घटनाएं हो जाती है तो अधिकारियों के पास पुलिस को सूचना देने के लिए कोई सिस्टम भी नहीं है। 40 फीसदी बैंकों में तो अनधिकृत रूप से प्रवेश करने पर बजने वाला अलार्म भी नहीं लगा है। बैंक अधिकारियों की माने तो वे बैंक में रखे अपने रकम की रक्षा बीमा कराकर रखते है। बैंक में जितनी राशि रहती है उसका बीमा रहता है। जब भी बैंक में रखे रकम की चोरी होती है या आगजनी में नुकसान होता है तब बीमा कंपनी उतनी राशि का भुगतान कर देती है। बीमा कराने के बाद बैंक प्रबंधन सुरक्षा के मामले में लापरवाही बरतते हैं। किसी प्रकार की घटना होने पर पुलिस की परेशानी बढ़ जाती है। ग्राहकों की सुविधा के लिए भले ही बैंकों के एटीएम संचालित हैं, लेकिन यहां सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम नहीं है। एटीएम में सुरक्षा के लिए गार्ड व जवानों की तैनाती नहीं की गई है।



## एक नजर

### नाबालिग लड़कियों को काम दिलाने के बहाने तस्करी, 3 आरोपी गिरफ्तार



**रायगढ़, 4 दिसम्बर।** एसएसपी सदानंद कुमार के निर्देशन एवं एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा के नेतृत्व पर कापू और धरमजयगढ़ पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई कर मानव तस्करी गिरोह का खुलासा करते हुए 4 नाबालिग लड़कियों को आरोपियों के चंगुल से मुक्त कराकर उनके परिवारजन को सौंपा गया है। इस मामले में कापू पुलिस ने 3 आरोपियों को अपहरण और मानव तस्करी की संगीन धाराओं में गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा है।

विदित हो कि जिले के धरमजयगढ़ और लैलूंगा तहसील के कुछ गांव से युवकध्युवतियों एवं नाबालिकों को महानगरों में अच्छा काम दिलाने के बहाने प्लेसमेंट एजेंसियो के हवाले किये जाने की घटनाएं पूर्व में आती रही है जिन पर प्रशासन व पुलिस द्वारा कार्यवाही से इन घटनाओं पर अंकुश लगाया गया जिसमें पुलिस के आपरेशन मुस्कान की अहम योगदान रहा है । साथ ही पुलिस समय.समय पर गांव.गांव में जन चौपाल एवं चलित थाना जैसे कार्यक्रम कर ग्रामीणों को जागरुक कर रही है कि ऐसे प्रलोभन में ना आये और ऐसी कोई भी सूचना तत्काल नजदीकी थाने को दिया जावे । इसी क्रम में थाना प्रभारी कापू निरीक्षक नारायण सिंह मरकाम को गत दिनों ग्रामीणों से सूचना मिली कि ग्राम पारेमेर का पुनाराम यादव, दुर्जन यादव और पुनाराम का लड़का खीरो सागर कुछ गांव में लड़के.लड़कियों को महानगरों में अच्छा काम दिलाने को लेकर चर्चा किया गया है। थाना प्रभारी द्वारा ग्रामीणों को उनके झांसे में ना आकर पुनाराम और उनके साथियों पर निगाह रखने कहते हुए उच्च अधिकारियों को जानकारी से अवगत कराया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार द्वारा सूचना को गंभीरता से लेते हुए एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा को अनुविभाग के थानों की टीम बनाकर संदेहियों को तत्काल हिरासत में लेकर विधि अनुरूप कार्यवाही का निर्देश दिया गया। इसी बीच 30 नवंबर के सुबह थाना प्रभारी कापू को पुनाराम यादव और उसके साथियों द्वारा क्षेत्र की 4 नाबालिक लड़कियों को काम दिलाने के बहाने बहला-फुसलाकर लाकर गांव से ले जाने की सूचना प्राप्त हुई । थाना प्रभारी द्वारा आरोपियों पर अपहरण एवं मानव तस्करी की धाराओं के तहत अपराध कायम कर तत्काल थाना प्रभारी कापू द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन पर अंतराल के थाने धरमजयगढ़, पत्थलगांव, घरघोड़ा, छाल, लैलूंगा, चौकी रैरूमाखुर्द को नाबालिक लड़कियों एवं संदेहियों की जानकारी देकर पतासाजी हेतु कहा गया ।थाना प्रभारी धरमजयगढ़ निरीक्षक अमित तिवारी द्वारा अपने थाने की टीम के साथ तत्काल धरमजयगढ़ बस स्टैंड पहुंचे । जहां 3 व्यक्तियों के साथ 4 नाबालिक लड़कियां बस का इंतजार करते मिली जिन पर संदेह होने से थाना प्रभारियों द्वारा तीनों व्यक्यिों से पूछताछ किया गया जिनका जवाब संतोषजनक प्राप्त नहीं होने पर महिला कांस्टेबल द्वारा लड़कियों को अपने विश्वास में लेकर पूछताछ करने पर लड़कियों ने बताया कि वे तीन व्यक्ति उन्हें काम दिलाने के लिए बस से रायगढ़ और रायगढ़ से दूसरे शहर लेकर जा रहे हैं । थाना प्रभारी धरमजयगढ़ द्वारा थाना प्रभारी कापू को संदेहियों को हिरासत में लिये जाने की जानकारी साझा करने पर थाना प्रभारी कापू द्वारा गवाहों एवं बालिकों के परिजनों के समक्ष बालिकाओं को दस्तयाब कर उनके उम्र संबंधी दस्तावेजों की जांच किया जिसमें सभी लड़कियां नाबालिक पाई गई जिन्हें उनके परिजनों की सहमति के बिना आरोपियों द्वारा बहला.फुसलाकर अन्यत्र स्थान ले जाना पाया गया । थाना प्रभारी कापू द्वारा अपहरण एवं मानव तस्करी के अपराध में तीनों आरोपी दुर्जन यादव पिता भुवन यादव उम्र 40 साल, खीरोसागर यादव पिता पुनाराम यादव उम्र 25 साल, पुनाराम यादव पिता स्वर्गीय मुनू राम यादव 50 साल सभी निवासी पारेमेर थाना कापू जिला रायगढ़ को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है ।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार एवं एडिशनल एसपी संजय महादेवा के दिशा निर्देशन तथा एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा के सतत पर्यवेक्षण एवं मार्गदर्शन पर यथाशीघ्र आरोपियों के चंगुल से नाबालिग बालिकाओं को मुक्त कराने में थाना प्रभारी धरमजयगढ़ निरीक्षक अमित तिवारी, थाना प्रभारी कापू निरीक्षक नारायण सिंह मरकाम एवं उनके हमराह स्टाफकी सराहनीय भूमिका रही है ।

### अंतागढ़ से विक्रम उसेण्डी, भानुप्रतापपुर से सावित्री मण्डावी व कांकेर से आशाराम नेताम विजयी

**कांकेर, 4 दिसम्बर ।** विधानसभा आम निर्वाचन-2023 में जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र की मतगणना के पश्चात आज शाम को परिणाम घोषित किए गए, जिसमें अंतागढ़ विधानसभा क्रमांक-79 से प्रत्याशी श्री विक्रम उसेण्डी, भानुप्रतापपुर विधानसभा क्रमांक-80 से श्रीमती सावित्री मनोज मण्डावी और कांकेर विधानसभा क्रमांक-81 से श्री आशाराम नेताम विजयी घोषित किए गए।ॉ

शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज नाथियानवागांव में मतगणना के पश्चात सभी विजयी प्रत्याशियों को संबंधित रिटर्निंग ऑफिसरों ने प्रमाण पत्र सौंपा। विधानसभा निर्वाचन के मतगणना में कांकेर विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी श्री आशाराम नेताम को 67980, श्री शंकर ध्रुवा को 67,964 मत, श्री डायमंड नेताम को 1084, श्रीमती नमिता नेताम को 920, पार्वती तेता को 404, श्री हेमलाल मरकाम को 4236, श्री अर्जुन सिंग आंचला को 1506, श्री गोविन्द कुमार दर्रो को 974, श्री जय प्रकाश सलाम को 1393 मत और नोटा को 2729 मत प्राप्त हुए।

राजिम से रोहित साहू ने अमितेश शुक्ल को 11911 मतों से हराकर जीत दर्ज की

# नहीं चला कर्ज माफी और गृह लक्ष्मी योजना का जादू

- सरकारी योजनाओं पर कांग्रेसीकरण का लगा था लगातार आरोप

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**राजिम, 4 दिसंबर।** रविवार को विधानसभा चुनाव परिणाम सुबह के बाद से दोपहर 12ः00 बजे तक स्थितियां साफ होती गई। राजिम और अभनपुर विधानसभा क्षेत्र से बीजेपी के आगे रहने की खबर सुनकर लोग पटाखे फोड़ तथा मिठाई खिलाकर खुशियां मनाएं। अपराह्न 2ः00 बजे तक अभनपुर विधानसभा की स्थिति साफ हो गई तथा राजिम विधानसभा से रोहित साहू का जितना लगभग तय हो गया। आपस में चर्चा करते रहे और लोगों ने कहा कि कांग्रेस की कर्ज माफी का जादू नहीं चला। वैसे भी दोनों विधानसभा क्षेत्र नदी के दो पाट पर है। मंडी मार्केट से लेकर लगभग अधिकांश कार्यों के लिए समानताएं देखी जाती है। सुबह से लोग टीवी के सामने समाचार चैनल पर चिपके रहे। इसके अलावा मोबाइल पर भी लाइव प्रसारण देखते रहे। फोन करके भी एक दूसरे से जानकारियां एकत्रित करते रहे लोगों से बात करने पर यह बात उभर कर सामने आई कि राजिम जिला की मांग चरम पर थी लेकिन दोनों विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस के कद्दावर विधायक होने के बाद भी उन्होंने ध्यान नहीं दिया और तो और जनता मांग करती रही और दोनों विधायक इधर-उधर का बात कर टालते रहे जिनका खामियाजा दोनों को भुगतना पड़ रहा है। जनता ही सर्वोपरि है यदि उनकी मांग नहीं मानी गई तो उन्हें बाहर का रास्ता दिखा देते हैं। वैसे भी यह धर्मनगरी है हर दृष्टिकोण से जिला बनने के काबिलियत रखते हैं बावजूद इसके जिला के लिए दोनों विधायकों ने रत्ती भर प्रयास नहीं किया। पिछले दो मांघी पुन्नी मेला में मुख्यमंत्री के भाषण से पहले जनता दोनों विधायक की ओर निहारते रहे कि राजिम जिला की मांग जोर शोर से उठाएंगे परंतु इन्होंने इधर-उधर की बात करके समय का महत्व नहीं समझा और एक ने भी राजिम जिला की बात नही किया जनता बहुत रुष्ट हुए परंतु इन दोनों को जनता की फिक्र नहीं बल्कि अपने आका को खुश करने की पड़ी थी जिसका नतीजा देखी जा रही है राजिम विधायक ने तो अप्रैल में हुए सर्वदलीय बैठक में क्लियर कर दिए थे कि मुख्यमंत्री जब कभी भी आएगा मैं पूरी ईमानदारी से राजिम जिला की मांग रखूंगा इस दौरान मुख्यमंत्री एक कार्यक्रम में राजिम आए रात्रि विश्राम भी किया परंतु उन्होंने जिले की मांग नहीं रखी जिससे जनता अपने आप को छला महसूस किया। बताना जरूरी है कि राजिम नवापारा दोनों क्षेत्र को मिलाकर एक बड़ी आबादी कवर करती है। राजिम नवापारा को जिले बनाने की मांग को स्वीकारते हुए पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी ने कहा था कि जब कभी भी नए जिला बनाया जाएगा उसमें इनका नाम होगा। इस बात का भरोसा संत कवि पवन दीवान को दिया गया था। भरोसा को पूर्ण करने की पुरजोर प्रयास जनता ने भूपेश बघेल से किया लेकिन भूपेश ने भरोसा को ही दरकिनार कर दिया जिसका मलाल यहां के लोगों को था। सन् 2018 में भूपेश की सरकार बनते ही राजिम कुंभ को हटाकर माघी पुन्नी मेला कर दिया। इसका समर्थन राजिम के विधायक ने भी किया लेकिन जनता को बहुत खला लाखों लोगों की आस्था पर सरकार ने चोट किया। कुंभ मेला के जरिए राजिम और छत्तीसगढ़ का नाम देश-विदेश में तेजी के साथ फैल रहा था जिस पर विराम लग गया। भाजपा के जीतने के बाद आज लोगों ने अपनी भड़ास जमकर निकलते हुए कुछ लोगों ने कहा कि अवैध रेत उत्खनन तेजी के साथ हो रहा है नदी का छाती चीरा जा रहा है। शासन प्रशासन और सरकार मौन है। एक आदमी ने कहा कि राजीव युवा मितान क्लब का कांग्रेसीकरण हुआ है। गौठान समिति में टोटल कांग्रेस के लोग ही हैं। जितने मुंह उतनी बात हो रही थी लेकिन यहां के लोगों को तो राजिम जिला बनाना है। गत दिनों चुनाव प्रचार के दौरान असम के मुख्यमंत्री हेमंता बिस्वा शर्मा राजिम में चुनावी भाषण दिया पश्चात पत्रकार वार्ता में एक संवाददाता ने उनसे प्रश्न किया कि आपकी सरकार आती है तो क्या राजिम जिला बनेगा। इस पर उन्होंने कहा कि सरकार आने दीजिए राजिम का भला ही होगा। चंदूलाल और चुन्नीलाल जैसे लोग रहते हुए मांग क्यों पूरा नहीं होगा। और अब तो अभनपुर विधानसभा से इंद्र कुमार साहू और राजिम विधानसभा क्षेत्र से रोहित साहू विधायक बन चुके हैं दोनों विधानसभा ने भाजपा को जिताकर कांग्रेस को बाहर का रास्ता दिखा दिया है।

### शुरूआती राउंड में रोहित साहू पिछड़े उसके बाद तो बढ़त बनती रही

राजिम विधानसभा चुनाव का परिणाम इस बार बहुत दिलचस्प रहा। हर एक की जुबान से परिणाम जानने की उत्सुकता ने सुबह से लेकर शाम तक मोबाइल से चिपका कर रखा। लोग अपने काम को छोड़कर टेलीविजन के पास बैठे रहे और चारों राज्य के परिणाम पर अपनी नज़रें गड़ाए हुए थे। अमितेश शुक्ल के परिवारवाद का जादू नहीं चला। उनके स्थानीयता होने के बात पर मतदाताओं ने विराम लगा दिया। कांग्रेस बनाम भाजपा ने इस बार कड़ी टक्कर दी है और अंततः भाजपा की जीत हो गई। बता देना जरूरी है कि जब से छत्तीसगढ़ राज्य बना है तब से लेकर तीन का आंकड़ा भाजपा के लिए बहुत अच्छा हुआ है। छत्तीसगढ़ राज्य बनते ही अमितेश शुक्ल पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री बने। सन् 2003 के विधानसभा चुनाव में उनके मंत्री रहते हुए भी भाजपा के नए प्रत्याशी चंदूलाल साहू ने करारी शिकस्त दी। उसके बाद सन् 2013 में भाजपा के ही नए प्रत्याशी संतोष उपाध्याय ने अमितेश शुक्ला को पराजित किया और अब सन् 2023 के विधानसभा चुनाव में जिला पंचायत सदस्य रहे रोहित साहू भाजपा ने 11911 मत से कांग्रेस के अमितेश शुक्ला को हार का रास्ता दिखा दिया है। मतगणना की शुरुआती दौर पर हालांकि अमितेश शुक्ल आगे रहे उसके बाद जब रोहित साहू ने बढ़त किया पश्चात निरंतर बढ़ने और घटने का दौर चलता रहा।दसवें राउंड में भाजपा को कुल 3915 मत से बढ़त मिली। 13 वें राउंड में 6634 मत से रोहित साहू आगे रहे। 14वें राउंड पर भाजपा को कुल 9841 मत से आगे रहने का मौका मिला। 15 में 11538 मत, 16 में 12308 वोट से आगे रहे। 17वें राउंड में भाजपा ने 11403मत,18 राउंड में 10730 वोट से आगे रहे। इस तरह से अंतराल काम हो गया लेकिन 19 वें राउंड में फिर बढ़त बना ली और 11358 मत से आगे रहे। 20 वें और अंतिम राउंड में 11911 मत से जीत गए। रोहित साहू के जीतने के बाद उन्हें बधाई देने वालों का उनके निवास पर तांता लग गया। शहर में आतिशबाजी शाम रात तक होती रही। इसके अलावा गांव में भी आतिशबाजी के साथ भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद के नारे लगाते रहे और मिठाई खिलाकर बधाई देने का दौर रात तक चला।

विधानसभा चुनाव में कृषि अग्रणी और महिला बाल्हुल्य वाले जिले गरियाबंद में कांग्रेस को पूरी उम्मीद थी की कर्ज माफी की घोषणा और गृह लक्ष्मी योजना का लाभ कांग्रेस को मिलेगा लेकिन गरियाबंद जिले की जनता ने इसे सिरे से नकार दिया। जिले में 70 फीसदी आबादी किसानों की होने के बाद भी कांग्रेस अपनी घोषणाओं से इन वोटो को अपने पक्ष में साधने में नाकाम रही।

# जनता के भरोसे पर खरा नहीं उतर पाये रामपुकार

## कमल की गोमती ने 255 वोट से दी शिकस्त

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**पत्थलगांव, 4 दिसंबर।** आठ बार पत्थलगांव विधानसभा से कांग्रेस के लिए जीत का परचम लहराने वाले विधायक रामपुकार सिंह इस मर्तबा जनता के भरोसे पर खरा नही उतर पाये। कमल की गोमती साय ने भारी गहमागहमी के बीच अंततः 255 वोटो से रामपुकार सिंह को हरा दिया। रामपुकार सिंह के हारते ही कांग्रेसी खेमे मे मायुसी छा गयी,वही भाजपाई यहा के इंदिरा चौक मे लगातार दो घंटे तक भयंकर आतिशबाजी करते रहे। आज सुबह लगभग 8 बजे मतगणना शुरू होते ही पहले राउंड से भाजपा की प्रत्याशी गोमती साय ने बढत बनानी शुरू कर दी थी। 10 राउंड की गिनती तक गोमती साय की बढत दस हजार वोट के आंकडे पर पहुंच चुकी थी,परंतु 11वें राउंड से रामपुकार सिंह की किस्मत ने जोर मारना शुरू कर दिया था,18वें राउंड तक रामपुकार गोमती हजार मतो के अंतर से आगे बढ रहे थे,एकाएक 19वें राउंड मे भाजपा की गोमती साय ने 600 से अधिक वोटो से बढत बना ली। अंतिम 20वें राउंड पर उनके वोटो का अंतर कम होकर 255 पर आकर टिका,इस तरह भाजपा की प्रत्याशी गोमती साय ने 255 वोट से पत्थलगांव विधानसभा मे अपनी जीत दर्ज कर ली। भाजपाई खेमे मे जीत को लेकर काफी उत्साह था,शहर की सडके फ्टाखो के शोर से कांप उठी थी,यहा के इंदिरा चौक पर जय श्री राम के नारे के साथ आतिशबाजी एवं मिठाईयां बाटी जा रही थी,भाजपा के मंडल अध्यक्ष अनिल मित्तल का कहना था कि अउ नई सहिबो बदल के रहिबो का नारा भाजपा प्रत्याशीयों ने सिद्ध कर दिया। उनका कहना था कि तीनो विधानसभा मे भाजपा की जीत निश्चय ही कांग्रेस सरकार की गलत नीतियों का परिणाम है,भाजपा के जिला उपाध्यक्ष सुनील अग्रवाल ने जशपुर जिले की तीनो विधानसभा मे भाजपा की जीत को भाजपा प्रत्याशीयों की कडी मेहनत का परिणाम बताया। भाजपा के वरिष्ठ नेता हरजीत सिंह भाटिया,अजय बंसल,संजय लोहिया,अवधेश गुप्ता,अंकित बंसल,दामोदर शर्मा,सुनील गर्ग,डॉ बी.एल.भगत ने भाजपा की बडी जीत को देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी का परिणाम बताया।।

**गोमती ने जिला पंचायत से की थी राजनीति की शुरूवात-**:भाजपा प्रत्याशी गोमती साय ने आठ बार विधायक रह चुके रामपुकार सिंह को शिकस्त दे दी। गोमती साय ने अपने राजनीतिक जीवन की शुरूवात जिला पंचायत सदस्य के रूप मे करी थी,22 जून 1978 को गोमती साय का जन्म जशपुर जिले के ग्राम कोकियाखार मे हुआ था,उन्होने हायर सेकेण्डरी तक की शिक्षा ग्रहण की है। 2019 के लोकसभा चुनाव मे उन्हे रायगढ जशपुर लोकसभा से भाजपा का प्रत्याशी बनाया गया था,जहा उन्होने भारी मतो से जीत दर्ज करी थी,इस बार पार्टी ने उन पर विधानसभा के लिए भरोसा दिखाया,जिसके कारण उन्हे पत्थलगांव जैसी बहुचर्चित सीट से आठ बार विधायक रहे रामपुकार सिंह के सामने चुनाव लडा और काफी संघर्षपूर्ण मुकाबले के बीच उन्होने 255 वोटो से जीत दर्ज कर एक और नये राजनीतिक परिचय की शुरूवात करी।।

# भाजपा प्रत्याशी ओपी चौधरी की शानदार जीत, जिले की तीन अन्य सीटों पर कांग्रेस प्रत्याशियों को मिली विजय



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददात

**रायगढ़, 4 दिसम्बर।** रायगढ़ जिले की व्हीआईपी सीट कहे जाने वाली रायगढ़ विधानसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी ओपी चौधरी 01 लाख 29 हजार 134 मत प्राप्त करते हुए 64443 मतों से कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश नायक को हराकर पूरे जिले में सबसे बडी जीत दर्ज की। वहीं रायगढ़ जिले की खरसिया के कांग्रेस प्रत्याशी उमेश नंदकुमार पटेल, धरमजयगढ़ से कांग्रेस प्रत्याशी लालजीत राठिया और लैलूंगा से कांग्रेस प्रत्याशी विद्यावती सिदार ने जीत दर्ज की। रायगढ जिले के चार विधानसभा सीटों में कांग्रेस ने तीन में जीत दर्ज करके कांग्रेस की शाख को बचाया। वहीं ओपी चौधरी ने बड़ी जीत दर्ज करके सभी को चौका दिया है। बड़ी जीत मिलने के बाद ओपी चौधरी ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि रायगढ़ की जनता जनार्दन ने जीतना बड़ा जनादेश दिया आशीर्वाद दिया है वह मेरे लिये बहुत बड़ी जिम्मेदारी है और मै जितना भी कुछ कर लूं रायगढ़ की जनता के इस कर्ज को कभी नही चुका सकता है, मै नतमस्तक होकर सभी को प्रणाम करता हूं। प्रदेश में भाजपा की जीत के बाद गृहमंत्री अमित शाह के द्वारा बड़ा आदमी बनाये जाने के संबंध में ओपी चौधरी ने कहा कि मै एक छोटा सा कार्यकर्ता हूं, पार्टी में और भी बड़े दिग्गत नेता हैं। चुनावी घोषणा पत्र के संबंध में ओपी चौधरी ने कहा कि रायगढ़ के लिये बहुत ही महत्वाकांक्षी घोषणा पत्र स्थानीय स्तर पर मैने रायगढ़ का विकास पत्र जारी किया था। उसमें बहुत बड़े-बड़े महत्वाकांक्षी लक्ष्य हैं। सभी वर्गो के अलावा रायगढ़ को नई उंचाईयां तक पहुंचाने पूरे पांच सालों तक जी तोड़ मेहनत करेंगे और बहुत आगे तक जायेंगे। रायगढ़ जिले की चार विधानसभा सीट में से तीन में भाजपा के हार के संबंध में ओपी चौधरी ने कहा कि आने वाले दिनों में हम इस पर मंथन करेंगे और बड़े सुधार के साथ पार्टी को मजबूत बनाने की दिशा में काम करेंगे। इस बार के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के बड़े-बड़े दिग्गज नेताओं के हार के संबंध में ओपी चौधरी ने कहा कि कांग्रेस पूरे पांच सालों तक छत्तीसगढ़ को लूटती रही, माफिया राज चलाते रहे, गांधी परिवार का एटीएम बनाकर छत्तीसगढ़ को रख दिये थे। इसीलिये जनता ने कांग्रेस को नकार दिया है। माफिया राज के सरकार भूपेश बघेल को अपनी सीट बचाने के लिये बड़ा संघर्ष करना पड़ रहा है। मै अपनी इस जीत का पूरा श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह व प्रदेश के बड़े नेताओं सहित समस्त पार्टी कार्यकर्ता और रायगढ़ विधानसभा के तमाम जनता को देना चाहता हूं।

**ओपी ने रिकार्ड मतों से की जीत दर्ज-** इस बार के विधानसभा चुनाव में रायगढ़ विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी ओपी चौधरी ने कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश नायक को 64443 मतो से हराकर ऐतिहासिक मतों से जीत दर्ज की है। वहीं खरसिया विधान सभा से कांग्रेस प्रत्याशी उमेश पटेल ने भाजपा प्रत्याशी महेश साहू को 21656 मतो से हराकर लगातार तीसरी बार विधायक बने हैं। लैलूंगा विधान सभा से कांग्रेस प्रत्याशी विद्यावती सिदार ने कांग्रेस प्रत्याशी सुनीति राठिया को 4176 मतो से चुनाव हराकर जीत दर्ज की है वहीं धर्मजयगढ़ विधान सभा से कांग्रेस प्रत्याशी लालजीत राठिया ने भाजपा प्रत्याशी हरिशचंद्र राठिया को 9637 मतो से चुनाव हराकर लगातार तीसरी बार विधायक बने हैं।

**उमेश पटेल ने महेश साहू को हराया, तीसरी बार बने विधायक-** विधानसभा चुनाव में खरसिया विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी उमेश नंदकुमार पटेल ने एक बार फिर से चुनाव जीतकर परचम लहराया है। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी महेश साहू को 22192 वोटों से चुनाव हराकर लगातार तीसरी बार खरसिया विधानसभा सीट से जीत हासिल की है। इस जीत के बाद उमेश नंदकुमार पटेल ने अपने विधानसभा के सभी मतदाताओं को आभार जताते हुए कहा कि मुझ पर जो विश्वास जताया है उस पर मै खरा उतरूंगा। चुनाव के बाद हमे लगा था कि कांग्रेस की सरकार फिर से वापस आयेगी लेकिन जनादेश हमे विपक्ष में बैठने का मिला है उसका हम भरपूर पालन करेंगे और एक मजबूत भूमिका में रहेंगे।

**जीत के बाद शहर में निकला ओपी का भव्य विजय जूलूस-** छत्तीसगढ़ में संपन्न हुए विधानसभा चुनाव में रायगढ़ विधानसभा से ऐतिहासिक जीत दर्ज करने के बाद भाजपा प्रत्याशी ओपी चैधरी ने मतगणना स्थल पहुंचकर जीत का प्रमाण पत्र प्राप्त किया और वहीं से भाजपा कार्यकर्ताओं ने अपने नेता को अपने सिरआंखों पर बिठाते हुए विजय जुलूस का आगाज किया। विजय जुलूस का अंबेडकर चैक ओडिसा रोड़ में भारी संख्या में उपस्थित युवा कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी और फूल माला के साथ ओपी का स्वागत किया। यहां ओपी ने बाबा साहेब अंबेडकर की प्रतिमा में माल्यार्पण का आशीर्वाद लिया। इसके बाद विजय जुलूस अटल चैक के लिये रवाना हुई ।

## समाचार संक्षेप

### विक्रम मंडावी ने कांटे की टक्कर में महेश गागड़ा को हराया

**बीजापुर, 4 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।**



विधानसभा चुनाव 23 के परिणाम अनुसार बीजापुर के कांग्रेस उम्मीदवार विक्रम मंडावी ने सीधे लडाई में भाजपा प्रतयाशी महेश गागडा को 3046 मतो से शिकस्त दी ग्रामीण इलाकों मे अपनी जबरदस्त पकड़ के चलते विक्रम मंडावी नेजीत दर्ज की है यहां बतादे पिछले चुनाव में विक्रम मंडावी ने भाजपा के महेश गागडा को लगभग 22 हजार वोटों से.हराया था इस बार के चुनाव में कर्मचारियों की नाराजगी के चलते जीत का अंतर कम हुआ है तथापि विक्रम मंडावी ने जनता के बीच जो पकड़ बनाई थी उससे उंन्हे जीत हासिल हुई है जीत के पश्चात.विक्रम मंडावी ने जीत का श्रेय जनता को दिया है तथा दिल से आभार जताया हैउनहोने अपने एक बयान में कहा कि भले ही हमारी सरकार नहीं बनी है बावजूद हम जनहित के मुद्दे के लिए अपनी लडाई जारी रखेंगे तथा भाजपा के वायदे पर नजर रखेंगे।

### रायगढ़ में भाजपा की जीत तो लैलूंगा, खरसिया एवं धरमजयगढ़ में कांग्रेस ने मारी बाजी

**रायगढ़, 4 दिसम्बर।** विधानसभा क्षेत्र 15-लैलूंगा से इंडियन नेशनल कांग्रेस की विद्यावती सिदार को 84666 मत प्राप्त हुए। वहीं क्रमशः भारतीय जनता पार्टी से सुनीती सत्यानंद राठिया को 80490, जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे)से मनीषा गोंड को 1512, हमर राज पार्टी से श्री अजय कुमार पंकज को 1539, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी से श्री रघुवीर राठिया को 2186, बहुजन मुक्ति पार्टी से श्री श्रवण भगत को 564, निर्दलीय श्री भजन सिदार को 980 एवं निर्दलीय श्री महेन्द्र कुमार सिदार को 1398 मत प्राप्त हुए। इस तरह इंडियन नेशनल कांग्रेस की विद्यावती सिदार 4176 मतों से विजयी हुई

विधानसभा क्षेत्र 16-रायगढ़-विधानसभा क्षेत्र 16-रायगढ़ से भारतीय जनता पार्टी के श्री ओमप्रकाश चौधरी को 1,29,134 मत प्राप्त हुए। वहीं क्रमशः इंडियन नेशनल कांग्रेस से श्री प्रकाश शक्राजीत नायक को 64691, आम आदमी पार्टी से श्री गोपाल बापोड़िया को 1074, बहुजन समाज पार्टी से पुष्पलता टंडन को 1652, जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे)से मधुबाई को 605, आजाद जनता पार्टी से कान्ति साहू को 130, समाजवादी पार्टी से श्री नजीर अहमद को 130, हमर राज पार्टी से श्री भवानी सिंह सिदार को 165, छत्तीसगढ़ी समाज पार्टी से श्री भुवनलाल पटेल को 119, जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी से श्री सुनील मिंज को 171, निर्दलीय श्री अशोक गार्डिया को 128, निर्दलीय श्री इबरार अहमद को 193, निर्दलीय गुरूवारी जीनत परवीन को 401, निर्दलीय गोपिका गुप्ता को 899, निर्दलीय श्री नारायण दास को 244, निर्दलीय श्री बृजमोहन अग्रवाल को 1342, निर्दलीय श्री राधेश्याम शर्मा को 557, निर्दलीय श्री शंकर लाल अग्रवाल को 1819 एवं निर्दलीय श्री सुरेन्द्र सिदार को 96 मत प्राप्त हुए। इस तरह भारतीय जनता पार्टी के श्री ओमप्रकाश चौधरी 64,443 मतों से विजयी हुए। विधानसभा क्षेत्र 18-खरसिया-विधानसभा क्षेत्र 18-खरसिया से इंडियन नेशनल कांग्रेस के श्री उमेश पटेल को 1,00988 मत प्राप्त हुए। वहीं क्रमशः भारतीय जनता पार्टी से श्री महेश साहू को 79332, जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे.)श्री परिमल यादव को 859, आम आदमी पार्टी से श्री प्रवीण विजय जायसवाल को 2335, हमर राज पार्टी से श्री भवानी सिंह सिदार को 1243, जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी से श्री यशवंत निषाद को 447, निर्दलीय श्री गोवर्धन राठिया को 472, निर्दलीय श्री विनोद चन्द्र सिंह राठौर को 517 मत प्राप्त हुए। इस तरह इंडियन नेशनल कांग्रेस के श्री उमेश पटेल 21656 मतों से विजयी हुए।

विधानसभा क्षेत्र 19-धरमजयगढ़ -विधानसभा क्षेत्र 19-धरमजयगढ़ से इंडियन नेशनल कांग्रेस के श्री लालजीत सिंह राठिया को 90493 मत प्राप्त हुए। वहीं क्रमशः भारतीय जनता पार्टी से श्री हरिशचन्द्र राठिया को 80856, जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे)से श्री जोगेन्द्र एक्का को 2451, बहुजन समाज पार्टी से सत्यबती राठिया को 2191, बहुजन मुक्ति पार्टी से श्री अनुप बरवा को 1776, हमर राज पार्टी से श्री महेन्द्र सिदार को 1086 एवं निर्दलीय श्री सुनील खेस्स को 1714 मत प्राप्त हुए। इस तरह इंडियन नेशनल कांग्रेस के श्री लालजीत सिंह राठिया 9637 मतों से विजयी हुए।

## एक नजर

### युवक पर धारदार हथियार से हमला

**रायपुर, 4 दिसम्बर।** रिंग रोड नंबर 2 स्थित गोंदवारा में दो युवकों ने एक युवक पर धारदार हथियार से हमला कर प्राणघातक चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने आरोपियों के खिलाफअपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी कमल कुमार कुर्रे 31 वर्ष गोंदवारा का रहने वाला है। बताया जाता है कि कल रात गोंदवारा स्थित साहू होटल के पास आरोपी सिद्धार्थ गिरी गोस्वामी अपने दोस्त के साथ आया और प्रार्थी के भाई अजय कुर्रे से गाली-गलौज कर धारदार हथियार से पेट व जांघ पर हमला कर चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने आरोपियों के खिलाफधारा 294, 307, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### बलवा का मामला दर्ज

**रायपुर, 4 दिसम्बर।** विजलीवुड छेरीखेड़ी के पास 7 युवकों ने एक राय होकर युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ बलवा का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी शाहिद इकबाल 32 वर्ष गुढियारी का रहने वाला है। बताया जाता है कि आरोपी करण चौहान अन्य 6 लोगों के साथ मिलकर प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफधारा 147, 294, 506, 323 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### आपसी रंजिश के चलते युवक से मारपीट

**रायपुर, 4 दिसम्बर।** देशी शराब भट्टी छोटे उरला के पास पुरानी रंजिश के चलते एक युवक ने दूसरे युवक से गाली-गलौज कर शराब के बॉटल से मारकर चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर अभनपुर पुलिस ने आरोपी के खिलाफअपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी सोनू पाल 20 वर्ष गातापार अभनपुर का रहने वाला है। बताया जाता है कि आरोपी यशवंत सेन ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर अभनपुर पुलिस ने आरोपी के खिलाफधारा 294, 323 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### पूर्व विवाद को लेकर युवक को पीटा

**रायपुर, 4 दिसम्बर।** छोटा अशोक नगर गुढियारी में पूर्व विवाद को लेकर तीन युवकों ने एक युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर गुढियारी पुलिस ने आरोपियों के खिलाफअपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी मंगल साहू 34 वर्ष छोटा अशोक नगर गुढियारी का रहने वाला है। बताया जाता है कि आरोपी ओमप्रकाश यादव अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर प्रार्थी के पास आया और पूर्व विवाद के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर गुढियारी पुलिस ने आरोपियों के खिलाफधारा 294, 506 बी, 323, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### जलाकर युवती की हत्या करने वाली दो महिलाओं को उम्र कैद

**रायपुर, 4 दिसम्बर।** करीब तीन साल पहले अभनपुर इलाके के ग्राम खोला में एक युवती के शरीर पर मिट्टी तेल उड़ेल आग लगाकर हत्या करने के मामले में कोर्ट ने आरोपित महिला दुकाला उर्फदुकलहा बाई और नैनी कुर्रे को आजीवन कारावास और एक-एक हजार रूपये अर्थदंड की सजा से दंडित किया है।
अर्थदंड की राशि का भुगतान नहीं करने पर दोनों महिलाओं को एक-एक वर्ष अतिरिक्त कारावास भुगतनी होगी। अपर लोक अभियोजक सरोज गुप्ता के अनुसार 21 दिसंबर 2019 को अभनपुर पुलिस थाने में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक साबिर अली को पुलिस कंट्रोल रूम से सूचना मिली थी कि डीकेएस अस्पताल में कुमारी सरस्वती बाई सोनवानी आग से जलने के कारण भर्ती होकर इलाज करा रही है। जांच के दौरान आहत सरस्वती बाई के बड़े भाई कमलनारायण सोनवानी से पूछताछ करने पर पता चला कि सरस्वती का गांव के लल्लू सतनामी से दो-तीन वर्ष से प्रेम संबंध था। 18 दिसंबर 2019 की शाम छह बजे लल्लू सतनामी ने उसे अपने घर पर मिलने के लिए बुलाया था। जब सरस्वती उसके घर पहुंची तो लल्लू को उसके माता-पिता ने कहीं बाहर भेज दिया था। घर पर लल्लू की मां दुकाला उर्फदुकलहा बाई(50), पिता जयलाल सतनामी(53) और भाभी नैनी बाई(22) थे। तीनों ने मिलकर सरस्वती से विवाद कर मारपीट करते हुए घर में रखे मिट्टी तेल को उसके शरीर पर उड़ेल आग लगा दिया था।

# नवनिर्वाचित कांग्रेस विधायक इन्द्र साव का कांग्रेस भवन में हुआ भव्य स्वागत





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 4 दिसम्बर।** विधानसभा चुनाव मे प्रतिष्ठा पूर्ण सीट मे कांग्रेस भाजपा की सीधी टक्कर मे कांग्रेस प्रत्याशी इन्द्र साव ने 11495 मतो से भाजपा प्रत्याशी शिवरतन शर्मा को पराजित कर जीत दर्ज की। नवनिर्वाचित विधायक इन्द्र साव मतगणना के बाद विजय का प्रमाण पत्र लेने के बाद अपने समर्थकों के साथ कांग्रेस भवन पहुंचे जहां उनका भव्य स्वागत किया गया, साव ने सभी के प्रति अपना आभार व्यक्त किया। उन्होने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि मेरी पहली प्राथमिकता भाटापारा विधानसभा क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं को दूर करना रहेगा, क्षेत्र की जनता की समस्याओं को हल करने के लिए काम किया जायेगा।

वहीं भाटापारा विधानसभा चुनाव को लेकर सभी की नजर यहां लगी हुई थी क्योंकि भाजपा के कद्दावर व तीन बार के विधायक शिवरतन शर्मा चुनाव मैदान मे थे वही इन्द्र साव जो कि पार्षद व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष के पद पर अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन किया है इस प्रतिष्ठा पूर्ण चुनाव मे 11 हजार से भी अधिक मतो से जीत हासिल की

नवनिर्वाचित विधायक इन्द्र साव के कांग्रेस भवन पहुंचने पर कांग्रेस जनो ने उनका फूल मालाओं के साथ भव्य स्वागत किया इस दौरान विधानसभा प्रभारी प्रमोद तिवारी, शहर ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष विनोद अग्रवाल, सतीश अग्रवाल, रोशन हबलानी, डा. के.के.नायक, ईश्वरसिंह ठाकुर आलोक मिश्रा, राधेश्याम शर्मा, प्रदीप शर्मा, अय्युब बाठिया, प्रशांत गांधी, चन्द्रशेखर चक्रधारी, शादाब जालियावाला, सहित बडी संख्या मे कांग्रेस जन मौजूद रहे।विधानसभा प्रभारी प्रमोद तिवारी ने इस जीत के लिए सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जिस तरह आप सभी इन्द्र को विजयी दिलाने के लिए मेहनत किया उसी तरह उनका सहयोग आगे भी करते रहेंगे।

# इंटर कालेज वेट लिफ्टिंग में खेमिन पटेल प्रथम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भाटापारा, 4 दिसम्बर।** 1 दिसंबर 2023 को पंडित रविशंकर विश्वविद्यालय रायपुर में वेटलिफ्टिंग खेल आयोजित था जिसमें निजी कचना ध्रुवा महाविद्यालय के होनहार खिलाड़ी कु.खेमिन पटेल ने 64 किलोग्राम बाड़ी वेट में प्रथम स्थान प्राप्त किया।खेमीन पटेल बीए प्रथम वर्ष मेंअध्यनरत है।पूर्व में भी राज्य स्तरीय एवम राष्ट्रीय स्तर में विजय हासिल कर क्षेत्र जिले एवं राज्य का नाम रोशन किया है।जिला गरियाबंद भारोत्तोलन संघ संरक्षण में निरंतर प्रतिदिन अभ्यास कर रही है मुख्य कोच प्रमोद कुमार ठाकुर के द्वारा उन्हें ऑनलाइन माध्यम से मार्गदर्शन दिया जा रहा है।इस उपलब्धि पर उन्हें भारोत्तोलन संघ के जिलाध्यक्ष यशवंत यादव, हीरालाल साहू सचिव जिभारोसं, प्रतिष्ठित व्यापारी सज्जन शर्मा, भारतोल्लन संघ सह सचिव समाजसेवी शीतल ध्रुव, तोकेश्वरी मांझी जनपद अध्यक्ष, योगाचार्य मिथलेश सिन्हा, एनसी साहू प्राचार्य, केके साहू प्र. प्राचार्य, छतर सिंह ठाकुर मानसिंह निषाद, नरेंद्र पटेल, इमरान मेमन, आरके ध्रुव अतिरिक्त सीईओ, लेखराज धुर्वा अध्यक्ष सरपंच संघ ब्लॉक छुरा, दिनेश कोठारी, वीरेंद्र ठाकुर बीईओ कार्यालय, भोलेशंकर जायसवाल, महाविद्यालय प्राचार्य डॉ दिनेश कुमार साहू प्रोफेसर तरुण कुमार निर्मलकर, प्रोफेसर विनोद कुमार यादव, देव कुमार निषाद, योगानंद खरे कुमारी कुमकुम ध्रुव कुमारी लक्ष्वंतीन कोसले कु .संध्या साहू आदि, पुनीत ठाकुर, ने बधाई दी है।

# लापता किशोर की मिली सड़ी-गली लाश, 8 गिरफ्तार

**कोरबा, 4 दिसम्बर।** कटघोरा थानाक्षेत्र के कुटेशरनगोई गांव से पिछले दिनों लापता एक किशोर की लाश मिली है। मृतक की मौत जंगल में जानवर पकडने के लिए लगाये गये करंट से हुई थी किंतु उसके साथ गये दोस्तों ने इसकी सूचना उसके घरवालों के देने की बजाय उसके शव को छिपा दिया था। जिसके बाद संदेह के आधार पर पुलिस ने मृतक के दोस्तों को पकड़ा और पुछताछ की तो मामले का खुलासा हुआ।

बता दें कि दिनांक 2.12.2023 को मृतक परमेश्वर यादव उम्र 17 साल 07 माह के लापता होने की शिकायत उसके बड़े भाई ने कटघोरा थाने में दर्ज कराई थी। प्रार्थी ने पुलिस को बताया कि 27.11.2023 के शाम 5:30 बजे उसका भाई परमेश्वर यादव अपने दोस्तो के साथ कार्तिक पूर्णिमा मनाने गया था उसके बाद शाम 7 बजे घर वापस आया था कुछ देर बाद शाम 7: 30 बजे घर से बाहर घुमने निकला था, जो घर वापस नही आया। मामले में प्रार्थी ने शंका जताई थी कि उसके भाई परमेश्वर को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसला कर ले गया है। शिकायत पर पुलिस ने गुम इंसान धारा 363 भादवि के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया था। मामले मे वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर थाना कटघोरा पुलिस द्वारा एक संदेही भवन सिह कंवर को पूछताछ किया गया जो घटना दिनांक को भवन सिह कंवर, गोपाल सिह कंवर, फूलसाय धनुहार प्रार्थी के नाबालिक भाई परमेश्वर को मानगुरू पहाड झोका नाला तरफ जंगली सुअर होने एवं फसल देखने जाना है कहकर ले गये जो रात्रि 09:30 बजे करीब झोका तालाब के पास पगडडी रास्ते में कोई अज्ञात व्यक्ति सेंट्रिग खुला तार में बिजली करेंट लगने से भुवन सिह करेंट के चपेट में आने से वहीं गिर गया जो लगभग 2 घंटा बाद होश आने पर घर आया तथा गोपाल व फूलसाय वहां से भाग गये तथा दो दिन बाद तक परमेश्वर का कोई पता नही चला कहकर बताया तथा घटना दिनांक को गवाह शिशुपाल सिह धनुहार, संतोष कुमार कंवर के द्वारा गांव का कन्हैया, राम यादव लक्ष्मी नारायण पोर्ते के द्वारा जंगली सुअर मारने के लिए सेटिंग तार बिछाने के लिए मना किया गया था।

बताने पर संदेही लक्ष्मीनारायण पोर्ते पिता भरत लाल पोर्ते तथा अंजय यादव को तलब कर कड़ाई से पूछताछ किया गया तो उन्होंने बताया कि घटना दिनांक को लक्ष्मीनारायण पोर्ते, कन्हैया यादव, पंचराम बिरहोर, अंजय यादव, इन्द्रकुमार नेटी, दशरथ यादव लोग मिलकर जंगली सुअर फंसाने के लिए अवैध रूप से सेंट्रिंग तार बिछा कर तार में बिजली करेंट सप्लाई किया गया था। जिसकी चपेट में आकर परमेशवर यादव की करेंट लगने से मृत्यु हो गई थी और उन्होंने उसके शव को मानगुरू पहाड़ उपर छिपा दिया था। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी के बयान के आधार पर उनकी निशानदेही पर मानगरू पहाड़ से मृतक का शव को बरामद किया तथा पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। मृतक का शव 6-7 दिन पुराना होने से सड़-गल गया था।

प्रकरण में आरोपी लक्ष्मीनारायण पोर्ते के बताये अनुसार कन्हैया राम यादव, अंजय यादव, इंन्द्र कुमार नेटी, पंचराम बिरहोर को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया जिसमें उन्होंने जुर्म स्वीकर किया तथा उनके बयान के आधार पर आरोपी लक्ष्मीनारायण पोर्ते, कन्हैया राम यादव, पंचराम बिरहोर से घटना में प्रयुक्त सेटिंग तार को जप्त किया गया है, तथा आरोपीगण लक्ष्मीनारायण पोर्ते, कन्हैया राम यादव, अंजय यादव, इंन्द्र कुमार नेटी, पंचराम बिरहोर के विरूद्ध धारा 304,201,34 भादवि एवं 135 विद्युत अधिनियम का पाये जाने एवं आरोपी भवन सिह कंवर, गोपाल सिह, फुलसाय के द्वारा मृतक परमेश्वर यादव के करेंट लगने की सूचना उनके परिजनो को नही देने पर उनके विरूद्ध धारा 363,201,34 भादवि का अपराध दर्ज कर रविवार को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। प्रकरण का एक आरोपी दशरथ यादव फरार है जिसकी तलाश की जा रही हैं।

# नाबालिग से बलात्कार का आरोपी गिरफ्तार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 4 दिसम्बर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक झा द्वारा महिला एवं बच्चो संबंधी अपराध पर त्वारित कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिये गये थे जिसके पालन मे अति0पुलिस अधीक्षक हरीश साहू एंव अनुविभागीय अधिकारी पुलिस आशीष अरोरा भाटापारा के मार्ग दर्शन मे थाना प्रभारी सिमगा मंजुलता राठौर के कुशल नेतृत्व में थाना सिमगा के अपराध क्रमांक 353/2023 धारा 363, 366, 376, भादवि 04, 06 पॉक्सो एक्ट के आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी का नाम दीपक यादव पिता रामलाल यादव उम्र 27 वर्ष साकिन भवानी नगर सिमगा थाना सिमगा जिला बलौदाबाजार- भाटापारा है।

मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थी थाना सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा का 9 नवम्बर को थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसकी बहन थाना सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा कि 7 नवम्बर को बिना बताये घर से कही चली गई है। कि रिपोर्ट पर गुम इंसान क्रमांक 61/2023 कायम कर नाबालिक अपहृता को किसी अज्ञात आरोपी के द्वारा अपहरण कर ले जाने की आशंका पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 353/2023 धारा 363 भादवि कायम कर विवेचना मे लिया गया। कि अपहृता को 20 नवम्बर को उसके परिजनो के द्वारा थाना सिमगा में पेश करने पर बरामद कर दस्तयाब किया गया है। अपहृता से पूछताछ करने पर आरोपी दीपक यादव पिता रामलाल यादव उम्र 27 वर्ष साकिन भवानी नगर सिमगा के द्वारा शादी करने का झासा देकर बहला फुसलाकर भगाकर ले जाना व घटना दिनांक से लगातार शारीरिक संबंध बनाना बताई है। आरोपी दीपक यादव का घटना दिनांक से लगातार पता तलाश किया जा रहा था जो आरोपी के धमधा मे होने की जानकारी मिलने पर स्थानीय लोगो कि मदद से फोटो चित्र के आधार पर पकडा गया जिसे वापस थाना लाकर पूछताछ करने पर जुर्म घटित करना स्वीकार करने पर आरोपी दीपक यादव पिता रामलाल यादव उम्र 27 वर्ष साकिन भवानी नगर सिमगा को विधिवत गिर0 का कारण बताकर 3 दिसम्बर को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

# जांजगीर-चांपा व सक्ती जिले के 6 विस से भाजपा की विदाई

## लोकसभा क्षेत्र जांजगीर-चांपा के 8 विधानसभा से भाजपा का सूपड़ा साफ

**जांजगीर चांपा, 4 दिसम्बर।** विधानसभा चुनाव में जांजगीर चांपा और सक्ती जिले के सभी छह विधानसभा में कांग्रेस प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की। जांजगीर-चांपा विधानसभा से सीट से भाजपा के दिग्गज नेता और छग विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल और अकलतरा के भाजपा प्रत्याशी सौरभ सिंह भी चुनाव हार गए। जांजगीर- चांपा जिले में एक भी मौजूदा विधायक चुनाव नहीं जीत सके जबकि सक्ती जिले में सक्ती विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी डा. चरण दास महंत और चंद्रपुर विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी रामकुमार यादव दूसरी बार चुनाव जीतने में सफल रहे। जांजगीर-चांपा जिले के विधानसभा सीट जांजगीर चांपा में कांग्रेस के ब्यास कश्यप ने भाजपा के कद्दावर नेता नारायण चंदेल को परास्त किया। ब्यास कश्यप को 72 हजार नौ सौ वोट मिले जबकि भाजपा के नारायण चंदेल को 65 हजार 929 वोट मिले। वहीं अकलतरा विधानसभा में मौजूदा भाजपा विधायक सौरभ सिंह को उनके परिवार के भतीजे और जिला कांग्रेस अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह ने 22 हजार 798 मतों से पराजित किया। राघवेंद्र को 80 हजार 83 वोट मिले जबकि सौरभ सिंह को 57 हजार 285 वोट मिले। यहां जकांछ प्रत्याशी ऋचा जोगी को 16 हजार 253 वोट मिले।



पामगढ़ अनुसूचित जाति सीट से कांग्रेस की शेषराज हरवंश ने भाजपा के संतोष लहरे को परास्त किया। जबकि बसपा प्रत्याशी और मौजूदा विधायक इंदू बंजारे तीसरे स्थान पर रहीं । शेषराज हरवंश को 63 हजार 963 वोट मिले जबकि भाजपा के संतोष लहरे को 47 हजार 789 वोट मिले। मौजूदा विधायक इंदू बंजारे को 29 हजार 259 वोट मिले। इधर सक्ती जिले के विधानसभा सक्ती में विधानसभा अध्यक्ष डा. चरणदास महंत ने भाजपा के डा. खिलावन साहू को परास्त किया और यहां से दूसरी बार विधायक बने। चंद्रपुर से रामकुमार यादव ने भाजपा की संयोगिता सिंह जूदेव को हराया और वे भी यहां से दूसरी बार जीत कर अपनी सीट सुरक्षित रखने में कामयाब हुए। जबकि जैजैपुर विधानसभा में लगातार दो बार बसपा से विधायक रहे केशव चंद्रा भी चुनाव हार गए यहां कांग्रेस के

**बसपा नहीं बचा सकी वजूद:** अविभाजित जांजगीर-चांपा जिले में बसपा को 2018 के चुनाव में पामगढ़ और जैजैपुर की सीट पर जीत मिली थी मगर दोनों ही जगह बसपा को इस बार हार का सामना करना पड़ा। पामगढ़ और जैजैपुर दोनों सीटों पर बसपा तीसरे स्थान पर रही। पामगढ़ में बसपा के दाऊराम रत्नाकर 13 साल और दूजराम बौद्ध पांच साल विधायक रहे। वहीं 2018 में बसपा की इंदू बंजारे यहां चुनाव जीतीं थी। जबकि जैजैपुर में केशव चंद्रा 2013-2018 में चुनाव जीत कर 10 साल इस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किए हैं।

**मतगणना का परिणाम जानने मोबाइल और टीवी पर ही टिकी रहीं निगाहें:** कल सुबह से ही कौन आगे चल रहा है, किसे कितना वोट मिला, कौन हार रहा है, किसकी सरकार बन रही है, सुबह से शाम तक लोग यह जानने के लिए बेताब नजर आए। लोगों की निगाहें मोबाइल और टेलीविजन पर ही लगी रही। लोग मोबाइल-टीवी में पल-पल का रुझान लेते रहे। चौक-चौराहों पर ही सुबह से शाम तक केवल यही चर्चा होती रही कि क्या अपडेट हैं।

**कांग्रेसियों में हर राउंड के साथ बढ़ता गया उत्साह:** जांजगीर-चांपा और सक्ती जिले में इस बार कांग्रेस को जबरदस्त जीत मिली है। छहों विधानसभा में कांग्रेस प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की। अधिकांश सीटों में पहले राउंड से ही सभी जगहों पर कांग्रेस बढ़त बनाए हुई थी और बढ़त का यह सिलसिला अंतिम राउंड का जारी रहा। ऐसे में हर राउंड में बढ़त के साथ ही कांग्रेसियों का उत्साह भी बढ़ता जा रहा था। हालाकि प्रदेश में कांग्रेस की स्थिति इस बार उलट रही। इसको लेकर जिले में जीत के बाद भी कांग्रेसियों में मायूसी भी नजर आई। सुबह 8.30 बजे से रूझान भी बाहर आने लगा।

# सीबीएसई का बड़ा फैसला, अब न टॉप-टेन और न ही विशेष योग्यता

**रायपुर,4 दिसंबर।** सीबीएसई अब से छात्रों की श्रेणी का जिक्र अंकसूची में नहीं करेगा। अर्थात छात्रों को प्रदान किए जाने वाले फर्स्ट, सेकेंड और थर्ड डिवीजन का उल्लेख अंकसूची में नहीं होगा।

इसके साथ ही छात्रों को मिलने वाली विशेष योग्यता, कुल प्रतिशत तथा सीजीपीए भी अंकसूची में प्रदर्शित नहीं की जाएगी। अंकसूची में केवल इस बात का जिक्र रहेगा कि छात्र को किस विषय में कितने अंक मिले हैं। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा यह फैसला इसलिए लिया गया है, ताकि छात्रों पर बनने वाला अनावश्यक दबाव खत्म हो सके तथा वे चिंतामुक्त होकर पढ़ाई कर सकें।प्रतिस्पर्धा मुक्त अध्ययन प्रणाली लागू करने यह व्यवस्था की जा रही है। अंकसूची में छात्रों द्वारा प्राप्त प्रतिशत का उल्लेख पिछले शैक्षणिक सत्र से ही किया जाना बंद कर दिया गया। वर्तमान शैक्षणिक सत्र से सर्कुलर जारी करते हुए इसे आधिकारिक रूप से बंद कर दिया गया है। सर्कुलर जारी करते हुए सीबीएसई के परीक्षा नियंत्रक सान्याम भारद्वाज ने कहा, कुल मिलाकर कोई श्रेणी, विशेष योग्यता या कुल प्राप्तांक नहीं दिए जाएंगे। यदि किसी अभ्यर्थी ने पांच से अधिक विषयों में परीक्षा दी है तो उसे प्रवेश देने वाला संस्थान या नियोक्ता, उसके लिए सर्वश्रेष्ठ पांच विषयों पर विचार करने का फैसला कर सकता है। यदि सीबीएसई छात्र द्वारा किसी शैक्षणिक संस्थान में पढ़ाई के लिए अथवा किसी कंपनी में नौकरी के लिए आवेदन किया जाता है तो छात्रों को मिले प्रतिशत की गणना शैक्षणिक संस्थानों अथवा कंपनी को खुद ही करनी होगी। सीबीएसई की बोर्ड परीक्षाओं के अंतर्गत छात्र पांच विषयों में परीक्षाएं दिलाते हैं। छात्र एक अतिरिक्त विषय का भी चुनाव कर सकते हैं। प्रतिशत निकालते वक्त सीबीएसई 6 में से उन 5 विषयों का चयन करता था, जिसमें छात्र को सर्वाधिक अंक मिले होते थे। अब ऐसा नहीं होगा। प्रतिशत निकालने शैक्षणिक संस्था अथवा नियोक्ता कंपनी अपनी आवश्यकतानुसार अथवा छात्रों द्वारा दिए गए आवेदन के अनुसार यह तय कर सकेगी कि किन पांच विषयों का चुनाव प्रतिशत निकालने के लिए किया जाना है।

### आत्मरक्षा प्रशिक्षण के तहत 90 दिनों का सभी विद्यालय के छात्राओं को आत्मरक्षा के लिए कराते का प्रशिक्षण

# छात्राएं सीख रहीं आत्मरक्षा के साथ गुड टच बेड टच का ज्ञान


■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा, 4 दिसम्बर।** आत्मरक्षा प्रशिक्षण रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण के तहत 90 दिनों का सभी विद्यालय के छात्राओं को आत्मरक्षा के लिए कराते का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।इसी प्रशिक्षण के तहत नगर के शासकीय आदर्श पूर्व माध्यमिक विद्यालय की छात्राएं प्रशिक्षण ले रहे हैं।कराते मास्टर मिथलेश सिन्हा प्रतिदिन उन्हें घंटे का प्रशिक्षण दे रहे हैं।बुरी परिस्थितियों से खुद अपने आप को छात्राएं कैसे बचा सकते हैं, बुरे व्यक्ति की पहचान कर उससे कैसे व्यवहार किया जाये आदि बातो पर ध्यान देकर उन्हें जागृत, सजग, सावधान किया जा रहा है। एवम गुड टच बेड टच का ज्ञान भी दिया जा रहा है। प्रतिदिन प्रशिक्षण में सर्वप्रथम छात्राओं की क्षमता को बढ़ाने, मजबूती देने के लिए उन्हें वार्म अप बॉडी स्ट्रेचिंग, अटैक, डिफेंस आदि का अभ्यास छात्राओं को कराया जाता है। उसके बाद उन्हें अपर किक, लोवर किक, मिडिल किक, अपर अटैक, मिडिल अटैक, लोवर अटैक के साथ डिफेंस का भी पूरा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह प्रशिक्षण एमेच्योर ताइक्कांडो एसोसियेशन छत्तीसगढ़ के माध्यम से जिला समग्र शिक्षा विभाग के आदेश पर दिया जा रहा है।जिसके जिले के मास्टर ट्रेनर तेजेश यदु, कृष्ण कुमार सोनी समय-समय पर मार्गदर्शन एवं निरीक्षण जिले के सभी जगह कर रहे हैं।



### बाल पिन, जुड़ा पिन से भी स्वयं की करें रक्षा

इसके अतिरिक्त छात्राओं के पास मौजूद वस्तुओं से ही उन्हें आत्मरक्षा करना सिखाया जा रहा है।इसके तहत पेन, पेंसिल, बाल पे लगाने वाले जुड़ा पिन, सेफ्टी पिन क्लचर, क्लिप, दुपट्टा, अंगूठी, कड़ा, जोमेट्री बाक्स, बेल्ट आदि से विपरीत परिस्थितियों में अपनी आत्मरक्षा के प्रयोग के लिए बताया जा रहा है।बच्चियां बड़ी लगन से प्रशिक्षण का लाभ ले रही हैं।प्रशिक्षण में संस्था के प्रधान पाठक निर्भय राम ठाकुर, शिक्षक मदन लाल सेन, मुरारी राम देवांगन, उमेश कुमार ढीढी, अर्जुन धनंजय सिन्हा, चंद्रभूषण निषाद, सुशील कुमार पांडे, शीतल चंद्राकर, करूणा वर्मा, भृत्य पीली बाई, प्रोतिमा शर्मा, कविता पटेल, स्वीपर रूखमणी साहनी, सहित पूरे स्टाफका पूरा सहयोग प्राप्त हो रहा है।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23